Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 154 | शुक्रवार , 06 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## नागपुर में आरएसएस मोहन भागवत बोले

# राजनीतिक दलों के बीच बनी रहनी चाहिए आपसी समझ

नागपुर।



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद राजनीतिक दलों ने आपसी समझदारी दिखाई और समाज ने भी एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह आगे भी स्थायी रूप से बना रहना चाहिए। उन्होंने सुरक्षा के मामलों में आत्मनिर्भरता की जरूरत पर जोर दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से की गई कार्रवाई के दौरान देश की राजनीतिक बिरादरी ने जो आपसी समझ दिखाई, वह बनी रहनी चाहिए और इसे स्थायी रूप ले लेना चाहिए। यह बात उन्होंने नागपुर में स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ता विकास वर्ग के समापन के अवसर पर कही। भागवत ने कहा, इस नृशंस आतंकी हमले के बाद लोग दुखी और क्रोधित थे। वे चाहते थे कि दोषियों को सजा मिले। कार्रवाई की गई और सजा भी दी गई। हमारी सेना ने एक बार फिर पराक्रम दिखाया। प्रशासन की दृढ़ता भी देखने को मिली। समाज ने भी एकता का संदेश दिया। राजनीतिक दलों ने भी आपसी समझदारी दिखाई, जो आगे भी बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को अपने सुरक्षा के मामलों में आत्मनिर्भर बनना होगा। पाकिस्तान का नाम लिए बिना उन्होंने कहा, जो देश भारत से सीधे युद्ध में नहीं जीत सकते, वे हजार जख्मों की नीति के तहत परोक्ष युद्ध छेड़कर भारत को कमजोर करने की कोशिश करते हैं। समारोह में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आदिवासी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम मुख्य अतिथि मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अब तक किसी भी राज्य सरकार ने धर्मांतरण के मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आरएसएस ही एकमात्र संस्था है जो इस दिशा में मदद कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सलवाद खत्म होने के बाद केंद्र सरकार को एक ठोस कार्य योजना बनानी चाहिए, ताकि यह फिर से सिर न उठा सके। नेताम ने यह आरोप भी लगाया कि 1996 का पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम (पेसा) आज तक किसी भी सरकार ने सही ढंग से लागू नहीं किया है।

**सुरक्षा के मामले में बनना होगा आत्मनिर्भर**

## विदेश मंत्री जयशंकर बोले- दूरी और लागत घटाने में चाबहार अहम

नई दिल्ली।



भारत-मध्य एशिया बिजनेस सम्मेलन में भारत ने ईरान के चाबहार बंदरगाह के ज्यादा इस्तेमाल की वकालत करते हुए कहा कि इससे व्यापारिक दूरी और लागत में कमी आएगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत और मध्य एशियाई देशों के बीच क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करने और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे में अधिक संसाधन लगाने की जरूरत पर जोर दिया। भारत ने गुरुवार को व्यापारिक दूरी और लागत कम करने के लिए ईरान के चाबहार बंदरगाह के ज्यादा इस्तेमाल की वकालत की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और मध्य एशियाई देशों को क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने के लिए अधिक संसाधन लगाने की जरूरत है। इससे माल ढुलाई की दूरी और खर्च कम होगा।उन्होंने कहा कि भारत और मध्य एशिया के सभी देश ट्रांसपोर्ट इंटरनेशनॉक्स राउटर्स (टीआईआर) सिस्टम के सदस्य हैं, ऐसे में सीमा पार माल ढुलाई को सरल और तेज बनाना चाहिए। बता दें कि चाबहार बंदरगाह ईरान के बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है और भारत-ईरान मिलकर इसका विकास कर रहे हैं। जयशंकर ने आगे जोर दिया कि दोनों पक्षों को दीर्घकालिक समझौते, आपसी निवेश और संयुक्त उपक्रमों के जरिए संबंधों को और मजबूत करना चाहिए। विदेश मंत्री ने भारत और मध्य एशिया के बीच आपसी जुड़ाव बढ़ाने पर जोर दिया।

### मध्य एशिया के साथ साझेदारी का जिक्र

भारत–मध्य एशिया बिजनेस सम्मेलन में बोलते हुए जयशंकर ने कजाखस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के विदेश मंत्रियों की मौजूदगी में कहा कि भारत डिजिटल भुगतान और सेवाओं के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाने में मध्य एशिया के साथ साझेदारी करना चाहता है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद बातचीत के लिए छटपटा रहा पाकिस्तान ट्रंप की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे शहबाज शरीफ

नई दिल्ली।

शरीफ की टिप्पणी पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी द्वारा पहले की गई टिप्पणियों की प्रतिध्वनि थी, जिन्होंने संघर्ष विराम समझौते को लाने में मदद करने का श्रेय ट्रंप को दिया था। पाकिस्तान एक बार फिर भारत के साथ बातचीत को फिर से शुरू करने की उम्मीद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर रुख कर रहा है। आतंकवाद पर अपने ट्रैक रिकॉर्ड को लेकर बढ़ती वैश्विक जांच के बीच, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने वाशिंगटन से दोनों देशों के बीच एक व्यापक शांति प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने का आह्वान किया है, एक ऐसा विचार जिसका भारत दृढ़ता से विरोध करता रहा है। इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए शरीफ ने भारत के साथ तनाव कम करने में ट्रंप के कथित प्रयासों की प्रशंसा की और अमेरिका से परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच संवाद को प्रोत्साहित करने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। शरीफ की टिप्पणी पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी द्वारा पहले की गई टिप्पणियों की प्रतिध्वनि थी, जिन्होंने संघर्ष विराम समझौते को लाने में मदद करने का श्रेय ट्रंप को दिया था। भुट्टो ने कहा कि दस अलग-अलग मौकों पर राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम को सुगम बनाने का श्रेय लिया है।



## हमास के खिलाफ लड़ाई में फलस्तीनी 'कबीले' भी सक्रिय, पीएम नेतन्याहू ने पहली बार स्वीकारा

यरुशलम।



इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पहली बार स्वीकार किया कि इस्राइल ने गाजा में कुछ फलस्तीनी परिवारों या गुटों को हमास के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय किया है। यह कदम सैनिकों की सुरक्षा के लिए उठाया गया। गाजा में चल रहे संघर्ष के बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बड़ा खुलासा किया है। गुरुवार को नेतन्याहू ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि इस्राइल ने गाजा में कुछ फलस्तीनी परिवारों या गुटों को हमास के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में नेतन्याहू ने कहा कि यह कदम सुरक्षा अधिकारियों की सलाह पर लिया गया ताकि इस्राइली सैनिकों की जान बचाई जा सके। बता दें कि यह बयान ऐसे समय आया है जब नेतन्याहू के एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी ने गाजा में अनौपचारिक फलस्तीनी गुटों को हथियार देने को लेकर उनकी आलोचना की थी।सूत्रों के मुताबिक फलस्तीन में सक्रिय इस्राइली गुट में एक गुट पॉपुलर फोर्सेस है, जिसका नेतृत्व रफा क्षेत्र के यासिर अबू शबाब नामक स्थानीय कबीलाई नेता कर रहे हैं। यह गुट इस्राइल समर्थित गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन के वितरण केंद्रों की सुरक्षा में मदद कर रहा है। हालांकि अबू शबाब के परिवार ने हाल ही में एक बयान जारी कर यासिर से दूरी बना ली और कहा कि वह और उनके गुट के सदस्य अब परिवार का हिस्सा नहीं माने जाएंगे। इससे पहले इस्राइल ने गाजा पट्टी से दो बंधकों के शव बरामद किए हैं।

अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि ये दोनों लोग 7 अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के दौरान पकड़े गए थे। बंधकों को शव बरामद होने पर पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। पीएम नेतन्याहू ने बताया कि दोनों शव इस्राइली सेना और आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट ने मिलकर बरामद किए हैं। मृतकों की पहचान जुडीथ वेनस्टीन (70) और गाद हाग्गई (72) के रूप में हुई है।

## खतरे में खेती

# ढाई दशक में 25 प्रतिशत तक घट सकता है खाद्यान्न उत्पादन



नई दिल्ली।

जलवायु परिवर्तन से खाद्य सुरक्षा को बड़ा झटका लग सकता है। तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और हीटवेव जैसी मौसमी घटनाओं का सीधा असर खेती पर पड़ सकता है, जिससे 2050 तक प्रमुख खाद्यान्न फसलों के उत्पादन में भारी कमी आ सकती है। इंडियन नेटवर्क फार क्लाइमेट चेंज असेसमेंट (आइएनसीसीए) की रिपोर्ट में बताया गया है कि सबसे ज्यादा कमी गेहूं एवं धान जैसी प्रमुख फसलों की उपज में हो सकती है। गेहूं में 6 से 25 प्रतिशत और धान में 3 से 15 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। संगठन ने विश्व पर्यावरण दिवस पर दिल्ली में सेमिनार का आयोजन कर एक विशेष रिपोर्ट जारी की, जिसमें खेती की चुनौतियों से निपटने के लिए नई तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने के प्रयासों को रेखांकित किया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीक के जरिए ही जलवायु संकट से किसानों को बचाया जा सकता है। अक्षय ऊर्जा, सूक्ष्म सिंचाई एवं जैविक खेती के लिए सब्सिडी का प्रविधान हो, ताकि छोटे एवं सीमांत किसान भी सक्षम बनें। फैफा के महासचिव मुरली बाबू का मानना है कि खेती पर जलवायु परिवर्तन का असर दिखने भी लगा है।

### खाद्यान्न उत्पादन में 10 से 30 प्रतिशत कमी की आशंका

ऐसा हाल सिंचित क्षेत्रों का होगा। असिंचित क्षेत्रों में खाद्यान्न उत्पादन में 10 से 30 प्रतिशत कमी की आशंका है। आइएनसीसीए की रिपोर्ट के बाद फेडरेशन ऑफ आल इंडिया फार्मर एसोसिएशन (फैफा) ने जलवायु परिवर्तन से संभावित क्षति पर चिंता जताते हुए किसानों की आय बढ़ाने वाली मौसम अनुकूल कृषि पर जोर दिया है।

## आज पीएम राष्ट्र को समर्पित करेंगे चिनाब पुल

जम्मू/नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रदेश को ऐतिहासिक सौगात देंगे। चिनाब दरिया पर बने रेलवे के नायाब, अद्भुत और बेमिसाल चिनाब पुल को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इससे देश के मस्तक पर एक और नगीना जड़ जाएगा। जम्मू-कश्मीर शुक्रवार को इतिहास रचेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश को ऐतिहासिक सौगातें देंगे। चिनाब दरिया पर बने रेलवे के नायाब, अद्भुत और बेमिसाल चिनाब पुल को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इससे देश के मस्तक पर एक और नगीना जड़ जाएगा।

पीएम कटड़ा से वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर श्रीनगर रवाना करेंगे। इससे कश्मीर रेल मार्ग से कन्याकुमारी तक जुड़ जाएगा और दिल्ली के दिल में कश्मीर और नजदीक आएगा। वहीं वर्षों पहले कश्मीर तक ट्रेन पहुंचाने का सपना भी पूरा होगा। प्रदेश तरक्की के सफर पर आगे बढ़ेगा। यात्री वंदे भारत में शनिवार से सफर कर सकेंगे। वहीं, पीएम मोदी की जम्मू-कश्मीर के दौरे के चलते बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थलों पर और उसके आसपास भारी सुरक्षा बल तैनात किए गए। ड्रोन समेत नवीनतम गैजेट तैनात किए गए हैं। घुसपैठ और राष्ट्रविरोधी व विध्वंसक तत्वों की आवाजाही रोकने के लिए सीमाओं और भीतरी इलाकों में सुरक्षा ग्रिड को और मजबूत किया गया है। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम मोदी की यह केंद्रशासित प्रदेश की पहली यात्रा है। पीएम 46 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें 43,780 करोड़ की लागत से निर्मित 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना भी शामिल है। यूएसबीआरएल घाटी को सीधी ट्रेन कनेक्टिविटी देगा। कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच सभी मौसमों में निर्बाध रेल संपर्क स्थापित होगा।

## पहली बार कश्मीर पहुंचेगी वंदे भारत, पीएम मोदी आज दिखाएंगे हरी झंडी

नई दिल्ली।



जम्मू-कश्मीर को आधुनिक रेल यातायात की दिशा में एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को एक साथ दो नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को रवाना करेंगे, जो माता वैष्णो देवी (कटरा) से श्रीनगर के बीच चलेंगी। ऐसा पहली बार होने जा रहा है, जब वंदे भारत जैसी अत्याधुनिक एवं तेज रफ्तार ट्रेन कश्मीर घाटी तक पहुंचेगी। रेलवे ने गुरुवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। उधमपुर-बनिहाल-श्रीनगर रेल खंड पर इन दोनों ट्रेनों का कमर्शियल संचालन सात जून से शुरू होगा। यात्रियों की सुविधा के लिए दोनों ट्रेनों में एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास के डिब्बे लगाए गए हैं। सभी शुल्कों समेत श्रीनगर से कटरा के बीच चेयर कार का किराया 715 रुपये और एग्जीक्यूटिव क्लास का 1320 रुपये निर्धारित किया गया है। इन ट्रेनों के चलने से न केवल श्रीनगर और कटरा के बीच यात्रा सुगम और तेज होगी, बल्कि पर्यटन, व्यापार और स्थानीय विकास को भी गति मिलेगी। ट्रेन संख्या 26401 'जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस' सप्ताह में छह दिन चलेगी। यह ट्रेन सुबह 8:10 बजे माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन से रवाना होगी, 9:58 पर बनिहाल पहुंचेगी और 11:10 बजे श्रीनगर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 26402, श्रीनगर से दोपहर 2:00 बजे रवाना होगी, बनिहाल होते हुए 5:05 बजे कटरा पहुंचेगी। इसका परिचालन मंगलवार को नहीं रहेगा। नई दोनों वंदे भारत ट्रेनों के संचालन के बाद जम्मू-कश्मीर में कुल चार वंदे भारत ट्रेनें चलने लगेंगी। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में दो वंदे भारत ट्रेनें नई दिल्ली से कटरा के बीच चल रही हैं।

### सप्ताह में 6 दिन चलेंगी ये वंदे भारत

दूसरी ट्रेन गाड़ी संख्या 26403 भी सप्ताह में छह दिन दोपहर 2 :55 बजे कटरा से चलेगी और शाम 6 बजे श्रीनगर पहुंचेगी। दोनों ट्रेनों की वापसी का रूट भी निर्धारित कर दिया गया है। ट्रेन संख्या 26404 श्रीनगर से सुबह 8 :00 बजे चलेगी और कटरा 11 :05 बजे पहुंचेगी। यह बुधवार को नहीं चलेगी।

## संपादक की कलम से

# पर्ची फीस की गारंटी

हिमकेयर से गुजरते हिमाचल ने जो साधुवाद दिया है, उसकी उम्र बढ़ाने के लिए सरकार की बजटीय कोशिकाओं में नई ऊर्जा चाहिए। बहरहाल तीन बड़े अस्पतालों के लंबित हिम केयर भुगतान की राशि से 43.19 करोड़ जारी हो गए। यानी जिन पर्चियों पर हिमकेयर का मजमून लिखा था, उन्हें इस भुगतान से कुछ आराम मिलेगा। हिमकेयर एक अच्छी योजना की अच्छी कहानी बन सकती थी, बशर्ते कार्यान्वयन की पद्धति में ईमानदार निगाह होती। किसी भी सरकारी धन का व्यय बजट की इज्जत के दायरे में होना चाहिए, लेकिन ह्यहिमकेयरह्ण के इस्तेमाल में न परिभाषा और न ही इसकी उपयोगिता का उचित प्रबंधन रहा, नतीजतन एक पहाड़ सा भुगतान चिकित्सा के बाजुओं को उठाना पड़ रहा है। बहरहाल, हिमकेयर के भुगतान का छोटा सा उपहार भी टीएमसी और आईजीएमसी के वित्तीय दस्तावेजों को सहारा देगा, लेकिन अब चुनौती पूरे चिकित्सा तंत्र को आत्मनिर्भर बनाने तथा इसकी योग्यता को चमकाने की सामने आ रही है। ऐसे में सरकारी अस्पताल की पर्ची बनाने का शुल्क अगर दस रुपए निर्धारित हो रहा है, तो यह एक सही कदम है। अब इसके ऊपर बहस हो सकती है कि पर्ची फीस दस हो या बीस से पचास रुपए करनी चाहिए। लोग इलाज को अब गुणवत्ता के लिहाज से देख रहे हैं। अगर दस रुपए की पर्ची पर भी मरीज अगले अस्पताल ही रैफर होने हैं, तो क्या चूं चूं और क्या चूं चूं का मरब्बा। आश्चर्य होता है जब क्षेत्रीय या जोनल अस्पताल अपने मरीजों का मामूली इलाज करने के बजाय इन्हें आसपास के मेडिकल कालेजों की ओर रवाना कर देते हैं। ऐसे में अस्पतालों की रैंकिंग के मुताबिक चिकित्सा सेवाओं का गारंटी पत्र टंगा होना चाहिए। एक डिस्पेंसरी की पर्ची दस रुपए हो, सिविल अस्पताल की बीस, क्षेत्रीय की तीस रुपए, जोनल की पचास, तो मेडिकल कालेज की सौ रुपए कर दी जाए, लेकिन पर्ची फीस की गारंटी भी हो। बीमारी की पहचान व उसके निदान के लिए हर स्तर के अस्पताल के मानदंड सुनिश्चित होने चाहिएं। अगर प्रसव पीड़ा के समय जोनल अस्पताल धर्मशाला के बेड खाली रहते हुए, मरीज को टांडा भिजवा दें, तो यह पर्ची नहीं, एक धोखा होगी। अगर जिला स्तरीय अस्पतालों में मरीजों को पूर्ण चिकित्सा के प्रमाण पत्र के रूप में पर्ची के लिए दस से पचास रुपए भी अदा करने पड़ते हैं, तो हिमाचल की जनता सरकारी संस्थानों पर अपना विश्वास पेश करेगी, वरना मेडिकल कालेज भी किस काम के। हर दिन हिमाचल मेडिकल कालेजों की पर्ची पर अगर रैफरल टिप्पणियां ही जान बचाएंगी, तो क्या फर्क पड़ता है। लोग सरकार के समर्थन में पर्ची फीस, टेस्टों के बढ़े हुए दाम तथा अन्य सुविधाओं के लिए शुल्क अदा करने के लिए तैयार हैं, बशर्ते चिकित्सा सुविधाएं जीवन सुरक्षा की गारंटी बनें। आज हिमाचल के निजी क्षेत्र के तहत दर्जनों ऐसे अस्पताल कार्यरत हैं, जहां अधिक खर्च करके भी जनता सिर्फ इस विश्वास के साथ आ रही है कि कम से कम वहां जीवन बचाने का हर संभव प्रयास होगा। दूसरी ओर जीवन बचाने के लिए जब सरकारी संस्थानों में हाथ जोड़े जाते हैं, तो सलाह मिलती है किसी बाहरी अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए जाने की। ऐसे में हिमाचल को अपने अस्पतालों को अलग-अलग कैटेगरी में डाल कर पर्ची फीस व अन्य शुल्क निर्धारित करने होंगे। प्रयोग के तौर पर किसी बड़ी चिकित्सकीय श्रृंखला के साथ अनुबंध करके अपने कुछ प्रमुख अस्पतालों में अलग से सुपरस्पैशियलिटी विंग खोल देने चाहिएं। इस तरह अपोलो, फोर्टिस, मैक्स, आस्टर, मनीपाल, पारस और मेदांता जैसे हैल्थ केयर यूनिट पूरे हिमाचल के बड़े शहरों में स्थापित हो सकते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

## डॉ सत्यवान सौरभ



### जब आँसू अपने हो जाते हैं

कविता

जीवन के इस सफर में,
हर मोड़ पर कोई न कोई साथ छोड़ देता है,
कभी उम्मीद, कभी लोग
तो कभी खुद अपनी ही परछाई पीछे रह जाती है।

हर हार सिर्फ हार नहीं होती,
वो एक आईना होती है
जिसमें हम देखते हैं अपना असली चेहरा,
बिना मुखौटे, बिना तालियों के शोर के।

जब आँखें भर आती हैं,
पर सामने कोई कंधा नहीं होता,
तो वही पल
हमें भीतर से लौह बना देता है।

हम उसी दिन बड़े हो जाते हैं,
जिस दिन किसी और के नहीं,
अपने ही आँसू अपने हाथों से पोंछते हैं,
और कहते हैं
अब और नहीं, अब मैं रुकूँगा नहीं।

क्योंकि आँसू जब बहते हैं,
तो या तो कमजोरी बनते हैं,
या बनते हैं प्रेरणा
एक विराट ललकार की तरह!

जैसे मैदान पर
विराट कोहली गिरते हैं,
तो उठते भी हैं
वो भी ऐसे कि गेंदबाज की साँसें थम जाती हैं।

वो सीख हैं
कि हार में भी गरिमा हो सकती है,
और जीत – सिर झुकाकर भी मिल सकती है।


कोई स्टेडियम नहीं चीखता
जब आप चुपचाप दर्द सहते हैं,
पर जब आप फिर उठते हैं,
तो पूरी दुनिया आपको सलाम करती है।

बचपन आँसुओं में डूबता है,
पर बड़प्पन वहीं जन्म लेता है
जहाँ आँसू सुखाकर,
इंसान मुस्कुराकर कहता है – चलो फिर से!

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बेंगलुरु में व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे का बेनकाब होना



ललित गर्ग

बढ़ते तापमान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) की शानदार जीत के बाद आयोज्य जश्न के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं खेल व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। आरसीबी विक्ट्री परेड के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास अचानक मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 50 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, यह राज्य प्रायोजित एवं प्रोत्साहित हत्या है। पुलिस का बंदोबस्त कहां था? चीख, पुकार और दर्द और क्रिकेट सितारों को देखने की दीवानगी एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़, निकासी मार्गों की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहाँ भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है।

क्रिकेट की दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक उत्सव इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18वें संस्करण में आईपीएल खिताब जीत लिया। इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली के प्रति जन-उत्साह उमड़ा। लेकिन इस जीत के जश्न की चमक में प्रशंसकों की चीखें एवं आहें का होना और उसे खिलाडियों एवं राजनेताओं द्वारा नजरअंदाज करना, अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा है। दुर्घटना होने एवं आम लोगों की मौतें हो जाने के बावजूद जश्न जारी रहना, दुखद एवं शर्मनाक है। प्रशंसकों की अहमियत को कमतर आंकने के इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल राजनेताओं को बल्कि खिलाड़ियों को भी दागी किया है। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है। इस जीत के जश्न में हिस्सा लेने आई भीड़ का एक लाख तक होने का अनुमान था। लेकिन लंबे अंतराल के बाद मिली जीत ने लोगों के उत्साह को इस स्तर तक पहुंचा दिया कि स्टेडियम के आसपास तीन लाख से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का मौत की खबरें मिलने के बावजूद खिलाडियों के साथ जश्न मनाने में जुटा रहना उनकी प्रचार भूख का भौंडा उदाहरण है। जब मौत के बाद वहां पसरा मातम देखकर सब स्तब्ध थे तो सिद्धारमैया क्यों अपने पद की गरिमा एवं जिम्मेदारी को धूमिल कर रहे थे? सोचिए लोगों की मौत के बाद अगर एक मिनट भी जश्न मना, तालियां बजीं, ठहाके लगे, फ्लाइंग किस दिए गए तो इससे ज्यादा अमानवीयता और निर्दयता क्या हो सकती है? जब खुद सरकार एक जश्न का मातम में बदलने का नेतृत्व करेगी तो आम लोगों का कांप उठना स्वाभाविक है।



बहरहाल, आईपीएल का आयोजन लगातार नई ऊंचाइयों को छूता हुआ व्यावसायिक क्रिकेट को नई ऊंचाइयां देने में जरूर सफल रहा है। फटाफट क्रिकेट के दुनिया के सबसे बड़े उत्सव में भारत के दो सर्वकालिक महान खिलाड़ियों विराट कोहली व एमएस धोनी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। अंततः विराट कोहली का आईपीएल खिताब जीतने का लंबा इंतजार इस जीत के साथ खत्म हुआ। लेकिन धोनी पांच बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग को जीत का खिताब दिलाने से चूक गए। एक तरह से आईपीएल क्रिकेट से कोहली की यह शानदार विदाई साबित हुई। वे इस गरिमामय विदाई के हकदार भी थे। उनके करोड़ों प्रशंसकों की कतारे देख कर राजनेता भी उनकी साथ मंच सांझा करने को उत्सुक दिखे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, अन्य मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी भी इसी फिराक में अपनी जिम्मेदारियों को भूल जश्न मनाते रहे और आमजनता अव्यवस्थाओं के कारण मौत में समाती रही। यह ऐसी दुखद घटना है जो अपनी निर्दयता एवं क्रूरता के लिये लम्बे समय तक कौंधती रहेगी। सिद्धारमैया के इस घटना की तुलना प्रयागराज कुंभ में हुए हादसे के करना उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रही है।

भारत में भीड़ से जुड़े हादसे अनेक आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रत्नागढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी। हालही में महाकुंभ के दौरान नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन एवं प्रयागराज में हुए हादसे में भी अनेकों लोगों की जान गयी। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियाँ में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है। रेलवे स्टेशन, मंदिर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त जगह और रास्ते नहीं हैं। कुछ स्थानों पर निकास मार्ग सीमित हैं या अनुपयुक्त हैं, जो भगदड़ का खतरा बढ़ाते हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित एवं दक्ष सुरक्षाकर्मी नहीं हैं, जिससे सुरक्षा चूक होने की संभावना बढ़ जाती है। भीड़ प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों, जैसे कि एआई आधारित निगरानी और ड्रोन कैमरे का उपयोग सीमित है। लोगों को आपातकालीन निकास मार्गों, भीड़ नियंत्रण नियमों, और सुरक्षा उपायों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है। गलत सूचना या अचानक दहशत से भीड़ अनियंत्रित हो सकती है और भगदड़ मच सकती है। भीड़ का व्यवहार कई बार अनियंत्रित हो जाता है, खासकर धार्मिक, खेल एवं सिनेमा आयोजनों में, जहां लोग भावनाओं में बहकर आगे निकलने की होड़ में लग जाते हैं। कई बार आयोजनकताओं और पुलिस के बीच समन्वय की कमी होती है, जिससे सुरक्षा चूक हो सकती है। भीड़ प्रबंधन केवल विधि-व्यवस्था बनाए रखने का विषय नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन की सुरक्षा, सार्वजनिक स्थानों की संरचना और आपातकालीन स्थितियों से निपटने की रणनीतियों से गहनता से संबद्ध है। दुर्भाग्यवश, कई बार आयोजकों और प्रशासनिक एजेंसियों द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं किये जाते, जिससे जानमाल की हानि होती है। इस परिदृश्य में, बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन की मौजूदा स्थिति, उससे जुड़ी प्रमुख चुनौतियाँ, हालिया घटनाओं से मिले सबक और प्रभावी समाधानों की चर्चा करना बेहद प्रासंगिक होगा, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियों से बचा जा सके। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में धार्मिक उत्सव, खेल आयोजनों और राजनीतिक रैलियों में लाखों लोग जुटते हैं। ऐसे आयोजनों के लिये पुलिस, होम गार्ड, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को तैनात किया जाता है। विश्व के विभिन्न विकसित देशों में भीड़ प्रबंधन के लिये अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है। जापान जैसे देशों में रेलवे स्टेशनों और सार्वजनिक स्थानों पर अत्यधिक भीड़ के प्रबंधन के लिये ऑटोमेटेड एंट्री और एग्जिट सिस्टम स्थापित किये गए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय देशों में स्टेडियमों, एयरपोर्ट्स एवं धार्मिक स्थलों पर भीड़ नियंत्रण के लिये एआई आधारित कैमरे, आपातकालीन अलर्ट सिस्टम और प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी मौजूद रहते हैं। हालाँकि भारत में बड़े आयोजनों के लिये प्रशासनिक तैयारियाँ की जाती हैं, फिर भी समय-समय पर कई कमियाँ उजागर होती रही हैं।

# क्या सस्ती लोकप्रियता भुनाने के लिए कर्नाटक सरकार ने व्यवस्थाओं को दांव पर लगाया?

अजीब बात है कि कुंभ मेले में मामूली भगदड़ मच गई, जिसे करोड़ों लोगों ने इकट्ठा किया गया था, ये कांग्रेसी आकाश पाताल को एकजुट कर रहे थे। आज उनके द्वारा आयोजित चिन्नास्वामी स्टेडियम में कुछ हजार की भीड़ को वह नियंत्रित नहीं कर सके और चेंगरुन ( बेंगलुरु ) की भगदड़ में कम से कम 11 लोगों की मौत हो चुकी है तो 33 लोग घायल बताए जा रहे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 18 साल बाद आईपीएल जीते 18 घंटे भी नहीं गुजरे थे कि सारी खुशियां मातम में बदल गई। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर जीत का जश्न मनाने गए बेकसूरों की मौत का जिम्मेदार कौन हैं? आरसीबी के मालिक, कर्नाटक सरकार या खुद क्रिकेट फैंस।

बताया जाता है कि तीन जून की रात फाइनल जीतने के बाद चार जून को जीत का जश्न मनाने के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम में भव्य समारोह रखा गया। जब बाहर लोग अपनी जान गंवा रहे थे, तब आरसीबी मैनेजमेंट स्टेडियम के अंदर जीत का जश्न मना रहा था। जब रजत पाटीदार और विराट कोहली चिन्नास्वामी स्टेडियम में आए फैंस के सामने भाषण दे रहे थे, तब बाहर लोग जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे थे। भगदड़ में 11 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। बावरिंग अस्पताल में 6 शव लाए गए, जिनमें 13 वर्षीय दिव्यांशी, 26 वर्षीय दिया, 21 वर्षीय श्रवण समेत तीन युवतियां और तीन युवक शामिल हैं। इनमें दो की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। वायदेही अस्पताल में 4 शव पहुंचे- 20 वर्षीय भूमिक, 19 वर्षीय साहना, एक 20 वर्षीय युवक और एक 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हुई। मणिपाल अस्पताल में 19 वर्षीय चिन्मयी की मौत हुई है। हादसे में घायल 18 लोग अब भी विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन हैं। आरसीबी फ्रैंचाइजी से टूनामेंट जीतने के कुछ ही घंटे के भीतर इतने बड़े इवेंट की जरूरत पर सवाल पूछे जा रहे हैं। आईपीएल के इतिहास में ये पहला मौका था, जब किसी फ्रैंचाइजी ने जीत के बाद इतनी बड़ी विक्ट्री परेड की प्लानिंग की। भारत को 1983 में वर्ल्ड कप जिताने वाली टीम के मेंबर रहे पूर्व तेज गेंदबाज मदन लाल की माने तो इस कार्यक्रम को दो-तीन दिन बाद पूरी तैयारी के साथ भी किया जा सकता था। मदन लाल ने पूछा है कि जब मंगलवार की पूरी रात अहमदाबाद में पार्टी की गई तो बेंगलुरु में जश्न मनाने की क्या जल्दी थी? आरसीबी की इस जीत को कर्नाटक सरकार ने कन्नाड़िगा अस्मिता से जोड़ने की भी कोशिश की। इस इवेंट में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार सरकार के चेहरे के तौर पर सामने थे। एयरपोर्ट पर प्लेयर्स के स्वागत से लेकर उन्हें विधानसभा तक लेकर जाना, मुख्यमंत्री सिद्दारमैया से विराट कोहली समेत तमाम प्लेयर्स की मुलाकात करवाना, सम्मान दिलवाना, मीडिया का कैमरा हर वक्त डीके शिवकुमार पर ही फोकस रहा। जब बेंगलुरु पुलिस ने इतने बड़े इवेंट में सुरक्षा देने से अपने हाथ खड़े कर दिए थ। सूत्रों की माने तो पुलिस ने आयोजन टालने की सलाह दी थी। इसके बावजूद भीड़ जुटाने के पीछे सरकार की मंशा पर सवाल उठने चाहिए। बेंगलुरु को पढ़े-लिखेह्वलोगों का शहर माना जाता है। देश की सबसे बड़ी आईटी इंडस्ट्री यहीं हैं। पूरे देश से बच्चे यहां पढ़ने आते हैं। मगर हमारे देश में तो क्रिकेट के आगे सब बेबस हो जाते हैं। 45 हजार लोगों की बैठना की क्षमता वाले स्टेडियम में चार-पांच लाख लोग घुसने की कोशिश करेंगे तो यही हश्र होगा। लोग किसी तरह बस एक-दूसरे पर चढ़कर अंदर घुसने को आमादा थे, ये अपनी मौत को खुद बुलावा देने से कम नहीं था। जश्न के दौरान मची भगदड़ के बाद भाजपा ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार पर आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया। भाजपा ने आरोप लगाया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कोई उपाय या बुनियादी व्यवस्था नहीं की गई। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार पर हमला करते हुए पार्टी ने कहा कि वे सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय रील बनाने में बिजी थे। भाजपा के अमित मालवीय ने बेंगलुरू भगदड़ को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की है और खराब योजना और भीड़ के कुप्रबंधन का हवाला दिया है। उन्होंने इस घटना भाजपा ने दावा किया है कि आईपीएल में आरसीबी की जीत के जश्न के दौरान बेंगलुरु में भगदड़ मचने से 7 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, स्टेडियम परिसर के पास भगदड़ में सात से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। इलाके में एक नाले के ऊपर एक स्लैब रखा हुआ था। जब भीड़ जमा हुई और उस पर खड़ी हुई, तो स्लैब गिर गया, जिससे अफरातफरी मच गई और जानलेवा भगदड़ मच गई।को प्रशासनिक लापरवाही के कारण होने वाली टाली जा सकने वाली त्रासदी बताया। जिन 11 लोगों ने अपनी जान गंवाई, वे महज क्रिकेट प्रेमी थे, विराट कोहली के दीवाने, फउइ के फैन थे। उन्हें नहीं पता था कि उनकी ये दीवानगी उन्हें अपनी जान की कीमत पर चुकानी पड़ेगी। 13 साल की दिव्यांशी से लेकर 26 साल की दीया और 21 साल का श्रवण, सभी उन लाखों लोगों में शामिल थे जो सिर्फ एक झलक अपने सितारों की पाने को आए थे। अपने स्टार के आंसुओं के लिए जो लाखों लोग पागल थे, उनके दर्द से उन स्टार खिलाड़ियों को कोई खास फर्क नहीं पड़ा। तालियां बजती रहीं। फ्लाइंग किस लुटाए जाते रहे। ऐसा कैसे हो सकता है कि इन स्टार खिलाड़ियों को जानकारी नहीं थी। और जानकारी नहीं थी तो दी क्यों नहीं गई? भगदड़ के बाद भी जश्न क्यों मनता रहा? और विजयी भाषण चलता रहा, पीठ थपथपाई जाती रही। विराट कोहली को एयरपोर्ट पर रिसीव करने पहुंचने वाले कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का कहना है कि जश्न सिर्फ थोड़ी देर चला. सोचिए लोगों की मौत के बाद अगर एक मिनट भी जश्न मना, तालियां बजीं, ठहाके लगे, फ्लाइंग किस दिए गए तो इससे ज्यादा अमानवीयता और निर्दयता क्या हो सकती है. जब खुद सरकार एक जश्न का नेतृत्व करेगी. खेल की लोकप्रियता को भुनाने की कोशिश करेगी. भीड़ को रोकने और उसके सही प्रबंधन की जगह खुद झंडा लेकर घूमेगी तो आम लोगों से क्या उम्मीद की जाएगी? जब नेता इस तरह जश्न मनाएंगे तो जनता तो उनके पीछे पागल होगी ही. अब सरकार आयोजकों पर सवाल उठा रही है।



अशोक भाटिया

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पर जिला प्रभारी सचिव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को दी जानकारी

वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान को लेकर जिला प्रभारी सचिव पी रमेश और जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने ग्राम पंचायत खानपुर मीना के अटल सेवा केंद्र में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को अभियान के महत्व एवं रूपरेखा पर विस्तारवादी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 5 जून, 2025 से 20 जून, 2025 तक राज्य में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के दौरान राज्य के समस्त जिलों में विभिन्न स्तरों पर विभिन्न विभागों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं वर्षा जल संग्रहण तथा स्वच्छता से सम्बन्धित कार्यक्रम क्रियान्वित किये जाने हैं। जिला प्रभारी सचिव ने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 5 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम से शुरूआत होकर वंदे गंगा आमुखीकरण कार्यशाला, नर्सरियों का विशेष स्वच्छता कार्यक्रम, तुलसी पौधा वितरण, लवकुश वाटिका पर कार्यक्रम, हरियालो राजस्थान हेतु पूर्व तैयारी, नेचर वाक, विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रतियोगिताएं एवं बाल सभा व वंदे गंगा प्रभात फेरी, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं मरम्मत, रैली आदि का आयोजन किया गया है 6 जून को जल संसाधन विभाग द्वारा नहरों एवं खालो की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के सहयोग से साफ-सफाई, सार्वजनिक स्थानों पर वंदे गंगा जल सेवा व जल परीक्षण अभियान आयोजित किया जायेगा। साफ-सफाई, श्रमदान, वंदे गंगाजल संग्रहण संरचनाओं की गाद निकालना, पशुओं के लिये साफ पीने के पानी की व्यवस्था एवं पक्षियों के लिये परिंडे बांधना आदि गतिविधियों का आयोजन होगा। 7 जून को जल संरक्षण जन अभियान की गतिविधियों से संबंधित विषय पर विचार विर्मश/संगोष्ठी का आयोजन, स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जायेगा।




# हमारे जीवन एवं देश के लिए पेड़ का बहुत महत्व है: सत्यम गुप्ता



वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान।** ( उत्तम दीक्षित ) विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादाई एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता द्वारा कई स्थान बच्छेकी मंदिर एवं सिद्ध मंदिर पर वृक्षारोपण किया गया जिसमें जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह तोमर ने कहा कि हमारे जीवन एवं देश के लिए पेड़ का बहुत महत्व है पेड़ ही जीवन है पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। शहर मंडल अध्यक्ष सत्यम गुप्ता ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन में बहुत जरूरी है संपूर्ण मानवता का अस्तित्व प्रकृति पर निर्भर है एक स्वस्थ एवं स्वच्छ पर्यावरण के बिना मानव समाज की कल्पना अधूरी है।

# आसमान से पानी बनकर गिरी बागवानों की मुस्कान ,बारिश से खिल उठे चेहरे

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**



**लखनऊ:**बारिश पर निर्भर रहने वाले माल क्षेत्र के किसानों व बागवानों के लिए बुधवार की दोपहर राहत लेकर आई। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों और बागवानों के चेहरे बारिश शुरू होते ही खिल गए। बारिश से फसलों को संजीवनी मिली है ।वही बारिश के बाद गर्मी से भी काफी राहत मिली है ।वहीं नर्वदेश्वर महादेव मंदिर के पास बरगद का पेड़ टूटने के कारण बिजली के पोल गिरने से बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो गई। इस कारण लोगों को राहत के साथ परेशानियों का भी सामना करना पड़ा।

लगातार तेज धूप और बारिश न होने का असर आम की फसल पर पड़ रहा था। बागवानों की उम्मीदों पर पानी फिरने लगा था। हालांकि बुधवार को हुई बारिश से एक बार फिर उम्मीद बंधी है ।कड़कड़ाती गर्मी के बीच बुधवार को दोपहर में अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज आंधी के साथ तेज बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

**क्या बोलें किसान:** क्षेत्र के किसान विकास सैनी का कहना है कि यह बारिश आम की फसल के लिए किसी वरदान से कम नहीं है ।कन्हैया लाल व प्रमोद का कहना है कि बारिश से फसलों के अच्छी पैदावार होने की उम्मीद बंधी है। राजेश यादव व वहीद ने कहा कि बारिश न होने के कारण उन्होंने अच्छी फसल होने की उम्मीद छोड़ दी थी लेकिन बारिश से उन्हें राहत मिली है।

**पेड़ गिरने से गिरा पोल,कार ई रिक्शा क्षतिग्रस्त:** आंधी के कारण माल कस्बे में यूको बैंक चौराहे के सामने स्थित नर्वदेश्वर महादेव मंदिर परिसर के मैदान के बरगद का पेड़ टूटकर गिर बिजली के पोल पर गिर गया ।पोल पर गिरने से पोल भी टूटकर गिर गया ।सड़क पर पेड़ व गिरने से चपेट में दो कार व ई रिक्शा सहित मोटर साइकिल आ गई जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया। गलीमत यह रही कि कोई व्यक्ति चपेट में नहीं आ गया।

# भाजपाइयों ने धूम धाम से मनाया यूपी के मुखिया का जन्मदिन

**निर्मल सैनी वेलकम इंडिया**




अमृत विचार:माल कस्बे में बृहस्पतिवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 53वां जन्मदिवस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया।

माल में भाजपा नेता शम्भू पाण्डेय व प्रवीण सिंह नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सुंदरकांड पाठ के उपरांत केक काटा गया और कार्यकताओं ने ₹योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद₹ व ₹जय श्री राम₹ के जयकारों का जयघोष किया। कार्यक्रम में उद्बोधन में भाजपा नेता शम्भू पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिंदू हृदय सम्राट एवं कुशल प्रशासक हैं जिन्होंने प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था और आर्थिक सुधार में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं उन्होंने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में प्रदेश में गुंडा माफिया राज लगभग समाप्ति की ओर है और उत्तर प्रदेश विकास की ओर अग्रसर है। इसी संबंध की कड़ी में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता प्रवीण सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश में कानून व्यवस्था और विकास के कई क्षेत्र सुधरे हैं उन्होंने मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। भाजपा नेता विवेक रस्तोगी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने शिक्षा-स्वास्थ्य और जनता के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। इसलिए योगी आदित्यनाथ का नाम एक लोकप्रिय नेता के रूप में लिया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित ऋषभ सिंह ने कहा कि हम सभी योगी के जन्मदिवस पर विशेष शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं और उनके लिए दीघार्यु, निरोगी जीवन और सशक्त नेतृत्व की प्रार्थना की। इस दौरान कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष गोपाल गुप्ता,शुभम गुप्ता, उत्तम त्रिपाठी,आकाश तिवारी, चुनमुन यादव,श्रवण सिंह,सुमित चौरसिया, भोला सिंह, राजा सिंह, हरिओम पाण्डेय, पार्थ पाण्डेय सुदीश कश्यप, नीरज गुप्ता, रोहित पाण्डेय, ललित मौर्य आदि रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेला रहेगा पॉलीथिन मुक्त- मिसेज एशिया विजयता सचदेवा

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी-** गंगा स्नान के साथ ही श्रद्धालुओं ने दीपदान, गंगा आरती और मंत्रोच्चार के माध्यम से गंगा मैया से सुख-शांति और मोक्ष की कामना की। घाटों पर सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रशासन मुस्तैद रहा। एनडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें भी घाटों पर तैनात की गईं। काशी की गलियों से लेकर घाटों तक आज का दिन भक्ति भाव और गंगा मैया की जयकारों से गुंजायमान रहा। यह उत्सव ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन मां गंगा का अवतरण स्वर्ग लोक से धरती पर हुआ था।

इसी दौरान वाराणसी के रहने वाली मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने कहा कि गंगा दशहरा पर काशी में गंगा स्नान का विशेष महत्व है, जिससे सभी पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। गंगा दशहरा वह दिन है जब गंगा नदी का धरती पर अवतरण हुआ था, और इसी दिन को मां गंगा के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसी दौरान पर्यावरण के लिए इस संदेश देते हुए मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने कहा कि आज के समय में समाज व संस्कृति की निरंतर हसोन्मुखता जीवन के संतुलन को बिगाड़ रही है। जिससे पर्यावरण का संकट उत्पन्न हो रहा है। ₹हर नागरिक एक वृक्ष लगाए, पानी की एक बूंद बचाए और प्लास्टिक से दूरी बनाए₹ का संकल्प दोहराया।

# विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया

**गुलजार आलम वेलकम इंडिया**



रामपुर विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जाने वाले वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया, भारतीय जनता पार्टी रामपुर के मुख्यालय पर कार्यक्रम संयोजक अनुज सक्सेना की उपस्थिति में वृक्ष लगाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। वृक्षारोपण अभियान 5 जून से प्रारंभ होकर 5 अगस्त तक चलेगा, 23 जून श्यामा प्रसाद मुखर्जी का शहीदी दिवस के तौर पर मनाया जाता है और उसे दिन सभी बूथों पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर वृक्षारोपण किया जाएगा। जैसा कि हम सभी जानते हैं, 1973 से प्रति वर्ष 5 जून को दुनिया भर में आम लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और जागरूक बनाने के मकसद से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। भारतीय जनता पार्टी के आवाहन पर सभी सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख, नगर पालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, और अन्य जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान चलाएंगे, साथ ही साथ एक पेड़ माँ के नाम लगाकर अपनी सेल्फी के साथ #शेह्लीह्ळइँळ१ी के साथ फोटो विभान सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड करेंगे तथा फोटो को सरल ऐप पर भी अपलोड करेंगे।। अभियान को सफल बनाने के लिए पांचो विधानसभा में भी संयोजक नियुक्त कर गए हैं रामपुर नगर विधानसभा में अर्जुन रस्तोगी, चमरूआ विधानसभा में मोहन कुमार लोधी, बिलासपुर में हेमा रानी, स्वार में राज कुमार चौहान और मिलक में संजय चौधरी को जिम्मेदारी दी गई है।। भारतीय जनता पार्टी रामपुर मुख्यालय पर जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, जिला उपाध्यक्ष मोहन कुमार लोधी, अनुज सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, जिला मंत्री प्रदीप गुप्ता, अजीत गौतम, विवेक बिश्नोई उपस्थित रहे।।

# बाढ निगरानी समिति जोतहिम्मा की बैठक हुई सम्पन्न



**नितिन शर्मा: वेलकम इंडिया**

**बिजनौर :** बाढ निगरानी समिति जोतहिम्मा की बैठक समिति के अध्यक्ष अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के जूनियर इंजीनियर राकेश कुमार भारद्वाज की अध्यक्षता में अल्लैहपुर विकास खण्ड के मिशन शक्ति कक्ष पंचायत भवन जोतहिम्मा में सम्पन्न हुई। बैठक में बाढ के दौरान राहत और बचाव कार्य में सहयोग , मौसम की स्थिति और जल स्तर की निगरानी करने , बाढ की संभावना का अनुमान लगाने, संचार प्रणाली के माध्यम से सभी प्राधिकारी और पब्लिक के संपर्क में रहने आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में ग्राम प्रधान मौ.राशिद, पंचायत सहायक राधापाल, महबूब आलम, धर्मेंद्र कुमार, अनीसा खातून, फरूकन, ओमवती, प्रियांक कुमार एवं अंजू कुमारी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# गंगा दशहरा के दिन राहगीरों को ठंडा शीतल शर्बत पिलाया

**वेलकम इंडिया**



**सहारनपुर / गागलहेडी (राजीव चौधरी गुर्जर )** सबसे महत्वपूर्ण विभाग विधुत विभाग राहगीरों की सेवा में लगा विधुत विभाग अपनी ड्यूटी के साथ-साथ भीषण गर्मी में ठंडा मीठा शर्बत पिलाकर आने वाले यात्रियों की सेवा लगे विधुत विभाग की इस कार्य शैली की जहां स्थानीय लोग प्रशंसा कर रहे हैं तो वही राहगीरों ने भी विद्युत विभाग की प्रशंसा की एसडीओ अंकित त्यागी ने कहा गंगा दशहरे के अवसर पर अपनी क्षेत्र की जनता की सेवा करने का अवसर मिला ओर कहां प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य का काम नही है। गागलहेडी मार्ग से गुजरने वाले सभी यात्रियों को ठंडा मीठा शर्बत पिलाकर यात्रियों की प्यास बुझा रहा हैं बिजली विभाग। बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी से राहगीरों को निजात दिलाने के लिए विद्युत विभाग की ओर से ठंडा मीठा शर्बत पिलाया जा रहा है। मीठा शर्बत पीने के लिय सड़क किनारे राहगीरों की भीड़ देखी गई - मीठा शर्बत पीकर गर्मी में राहगीरों ने अपनी प्यास बुझाई। इस मौके पर एसडीओ अंकित त्यागी जेई सुनील कुमार रिंकू बाबू सुनील बाबू डॉ रविन्द्र कुमार गगन कुमार निगम कुमार राहुल कुमार कैशियर रिहान अंकुर राजपूत लाइनमैन व विधुत विभाग स्टाफ मौजूद रहा।

# करप्शन टीम नगीना द्वारा आयोजित स्वेच्छीक रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**जनपद बिजनौर नगीना।** नगर के मोहल्ला लाल सराय निकट हिन्दू इंटर कॉलेज के मेन गेट के सामने एंटी करप्शन टीम नगीना द्वारा आयोजित स्वेच्छीक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन नगर पालिका परिषद नगीना की चेयरपर्सन ताहिरा खलील, शेख शाहनवाज खलील जिला अध्यक्ष चेयरमैन संघ बिजनौर व एंटी करप्शन टीम की स्टेट चेयरपर्सन विशाखा मित्तल ने किया। रक्तदान मे अभी तक 40 लोगो ने रक्तदान किया। रक्तदान सेवा चैरिटेबल सेंटर बिजनौर के संचालक स्पर्श भटनागर अपनी टीम के साथ झलक भटनागर, आलम, आंशिक, निखिल के साथ मौजूद रहे। उद्घाटन मे डॉ०जसवीन्द्र कौर, रामानंद सागर, डिंपल, दीपक मल्होत्रा, डॉ०मंजू चौहान, शेख शददन, शेख जमशेद, अंजार सैफी, वकील कुरेशी, दीपक, राहुल आदि लोग मौजूद रहे। ब्लड देने मे विशाखा मित्तल, शैलेन्द्र मित्तल,रूपा शर्मा, नीतू वर्मा, अंजार सैफी, वकील कुरैशी, नेहा वर्मा, दीपक कुमार, अजय मित्तल, शुभम मित्तल आदि लोगो ने रक्तदान किया।

# प्रदेश के मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने किया पौधारोपण

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद विश्व पर्यावरण दिवस एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने किया पौधारोपण नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी गजरौला पाइमार मंडल के अध्यक्ष वरुण अत्रेय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने आज आदर्श नगर शिव मंदिर पर एकत्र होकर पौधारोपण किया इस अवसर पर कार्यकताओं से अपील करते हुए जिला मंत्री बलराज त्यागी एवं भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने आह्वान किया कि वे पर्यावरण की रक्षा सुरक्षा हेतु अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका लालन-पालन करें ताकि पौधों से मिलने वाली प्राण वायु आक्सीजन हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को दे सके उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आह्वान है कि हम सब अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना सहयोग प्रदान करें इस अवसर पर आदर्श नगर शिव मंदिर परिसर में सांकेतिक पौधारोपण किया गया तथा सभी ने अपने-अपने प्रयास से अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, पिछड़ा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद विश्वकर्मा, जिला संयोजक पिछड़ा मोर्चा डॉ रितेश सेन, अमरेश कुमार, चौधरी ईशम सिंह, बलराज त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र जी ने पुस्तकालय परिसर स्थित रंग महल सभागार में आयोजित

**गुलजार आलम वेलकम इंडिया**



रामपुर रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र जी ने पुस्तकालय परिसर स्थित रंग महल सभागार में आयोजित एक प्रेस वार्ता में अपनी हाल ही में सम्पन्न रूस यात्रा की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह यात्रा भारत-रूस के मध्य सांस्कृतिक सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई है।

इस अवसर पर डॉ. पुष्कर मिश्र जी ने रूस के प्रतिष्ठित शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संस्थानों के साथ हुई चर्चा, भारत की प्राचीन ज्ञान-परंपरा को लेकर मिली सकारात्मक प्रतिक्रियाओं तथा संभावित शैक्षणिक साझेदारियों पर प्रकाश डाला। डॉ. पुष्कर मिश्र जी ने अपने व्याख्यान के दौरान रामपुर रजा पुस्तकालय की भावी योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि पुस्तकालय अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक), ब्लॉकचेन और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ज्ञान को नई पीढ़ी तक पहुँचाने की दिशा में अग्रसर है। विशेष रूप से उन्होंने संवाद पुस्तक अथवा बोलती किताब की अवधारणा को साझा किया, जिसे वैश्विक विद्वानों ने अत्यंत नवीन और चमत्कारी बताया। यह विश्व में अपनी तरह का पहला प्रयास होगा जहाँ पाठक न केवल पुस्तक की सामग्री को सुन सकेंगे, बल्कि अक के माध्यम से लेखक से संवाद का अनुभव भी कर सकेंगे। यह प्रयोग पुस्तकालय अध्ययन और पठन-पाठन की दिशा में क्रांतिकारी साबित हो सकता है। रूस में उपस्थित विश्व के विभिन्न पुस्तकालयों के प्रमुखों ने इसमें गहरी रुचि दिखाई। रूसी राज्य पुस्तकालय के महानिदेशक श्री वादिम दूदा द्वारा यूक्रेन की स्थिति की तुलना कश्मीर से किए जाने पर रामपुर रजा पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र जी ने गहरी आपत्ति जताई।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण करते राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण करके स्वच्छ पर्यावरण का संकेत दिया। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने ग्राम फीना की ग्राम समाज की भूमि पर विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए और ग्रामीणों को पौधारोपण के लाभ बताए। पौधारोपण महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री, कालेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार शर्मा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दलीप कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंध निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने छात्रों से अधिक से अधिक पौधारोपण हेतु ग्रामीणों में जन जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें केवल हरियाली ही नहीं अपितु पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन भी देते हैं। अतःआवश्यक है कि अधिक से अधिक मात्रा में प्रत्येक व्यक्ति पौधारोपण करें। कालेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने कहा कि वर्तमान में वृक्षों का कटान अधिक होने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है। जिसका पूरा प्रभाव हमारी जलवायु पर पड़ा है। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवाली राजपूत ने भी पौधारोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक व प्रमुख समाजसेवी अशोक कुमार शास्त्री, डॉ आरपी सिंह, ललित शर्मा, विवेक कुमार, प्रशांत चौधरी, नीशु देवल, रुक्मिणी देवी, प्रदीप कुमार, राजेंद्र सिंह, सचिन कुमार, डॉ ओमपाल त्यागी, राकेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

# नूरपुर में निकाली गई तिरंगा यात्रा किसानो ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारत माता के वीर सपूतों के सम्मान में भारतीय किसान यूनियन (मातृभूमि) ने नूरपुर नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा के भारतीय किसान यूनियन मातृभूमि के राष्ट्रीय अध्यक्ष कंचेरु सिंह के नेतृत्व में निकल गई। शोभायात्रा के मुख्य अतिथि समाजसेवी इंजीनियर कवीश राणा रहे। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। तिरंगा यात्रा खालसा इंटर कॉलेज से शुरू होकर ब्लॉक, नहटौर चौराहा, धामपुर चौराहा, बुध बाजार, शिव मंदिर चौक गोहावर होते हुए शाहपुर खेड़ी जाकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा का नगर के कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तिरंगा यात्रा



को गोहवर में श्री राम संतोष गार्डन पर शरबत पिलाया गया। यात्रा में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लिए हुए देशभक्ति के नारे भारत माता की जय, वंदे मातरम के उद्घोष से माहौल राष्ट्रभक्ति में रंग गया। समाजसेवी इंजीनियर कवीश राना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पड़ोसी देश की सीमा में स्थित आतंकी ठिकानों को नष्ट कर व कई आतंकियों को मौत की नींद सुलाकर भारतीय सेना ने साहस व शौर्य का परिचय दिया है उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने एक बार फिर दुश्मन के घर में घुसकर वार किया है। सेना के इस साहस व शौर्य का देशवासी नमन करते हैं तिरंगा यात्रा मे राष्ट्रीय महासचिव सोमपाल सिंह चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुलदीप त्यागी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू चौहान, उपाध्यक्ष मोर्चा अलका वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सरफराजुद्दीन प्रदेश, विपिन चौहान, चेतन त्यागी, प्रियंक त्यागी, खूब सिंह, सुनील चौहान, अभय प्रधान, सतपाल सैनी, मोनू सैनी, बाबू खान, जोगेश कुमार जयपाल सिंह चौधरी यशवंत सिंह अवनीश राणा शैलेंद्र कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला जेल में किया गया पौधरोपण

**वेलकम इंडिया**

**असदुल्लाह सिद्दीकी। सिद्धार्थनगर।** जिला कारागार सिद्धार्थनगर में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। यह दिन न केवल पर्यावरण की रक्षा के लिए जनजागरूकता फैलाने का अवसर होता है, बल्कि यह प्रकृति के प्रति हमारे उत्तरदायित्व को भी रेखांकित करता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला कारागार में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जेल अधीक्षक सचिन वर्मा ने किया, जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे रोपे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 9 बजे हुई। सबसे पहले जेल अधीक्षक ने उपस्थित कर्मचारियों, कैदियों तथा अन्य गणमान्य अतिथियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण की महत्ता पर प्रकाश डाला।



उन्होंने बताया कि आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, वायु और जल प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है। ऐसे समय में पेड़-पौधों का रोपण करना न केवल हमारा दायित्व है, बल्कि यह पृथ्वी को सुरक्षित और टिकाऊ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। इस अवसर पर कारागार परिसर में नीम, आम, कटहल आदि के 50 से अधिक पौधे लगाए गए। प्रत्येक पौधे को कैदियों को सौंपा गया और उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई कि वे उसकी देखभाल करेंगे। इस तरह हर बंदी को पर्यावरण संरक्षण का सक्रिय भागीदार बनाया गया। कार्यक्रम के अंत में जेल अधीक्षक ने सभी को यह संकल्प दिलाया कि वे न केवल लगाए गए पौधों की देखभाल करेंगे, बल्कि अपने जीवन में पर्यावरण हितैषी आदतें अपनाएंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि आने वाले समय में जेल परिसर में एक हर्बल गार्डन और सब्जी उद्यान की स्थापना की जाएगी।

# बसपा की सरकार में होगा सभी धर्मों का सम्मान- शमीम अहमद

**वेलकम इंडिया**

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** बसपा की सरकार का मुख्य उद्देश्य समतामूलक समाज की संस्थापना है सभी धर्मों का सम्मान बसपा की चार बार की सरकार ने करके दिखाया है ।उक्त बातें बसपा के पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार में मंहगाई भ्रष्टाचार बेरोजगारी हत्या चर्म पर हैं कानून नाम की कोई चीज नहीं है लेकिन सरकार बेरोजगारी और मंहगाई पर कोई ध्यान नहीं दे रही हत्यारे बलात्कारी खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं भाजपा नेताओ का असलील विडियो आये दिन वायरल हो रहा है मगर प्रदेश सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती है ।आनेवाले



२०२७ विधानसभा चुनाव में सर्व समाज के साथ साथ खासकर मुस्लिम समुदाय बसपा व बहन कु, मायावती जी की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है आने वाला दिन बसपा का है अपना बूथ करो मजबूत अभियान में पार्टी कार्यकर्ता जी जान से लगे हैं।

# AIMIM जिलाध्यक्ष ने बकरीद पर्व पर जिले मे साफ सफाई को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**

**असदुल्लाह सिद्दीकी। सिद्धार्थनगर।** ऑल इंडिया मजलिस- ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (अकटकट) जिलाध्यक्ष निशात अली ने पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ सिद्धार्थनगर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी सिद्धार्थनगर को ज्ञापन सौंपा। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन सिद्धार्थनगर की तरफ से आने वाले 7 जून को ईद उल अजहा (बकरीद) के अवसर पर 4 बिन्दुओ की मांग को लेकर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने जिला अध्यक्ष की



अगुवाई में ज्ञापन दिया। ईद उल अजहा पर्व को ध्यान में रखते हुए जनपद में साफ सफाई को सुचारु रखने के लिए सम्बंधित अधिकारीयों को निर्देशित किया जाए।ईद उल अजहा पर्व को ध्यान में रखते हुए जनपद में विधुत आपूर्ति को सुचारु रखने के लिए सम्बंधित अधिकारीयों को निर्देशित किया जाए।ईद उल अजहा पर्व को ध्यान में रखते हुए जनपद में शांति सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित अधिकारीयों को निर्देशित किया जाए। ईद उल अजहा पर्व को ध्यान में रखते हुए जनपद में जल आपूर्ति को सुचारु रखने के लिए सम्बंधित अधिकारीयों को निर्देशित किया जाए।जिला अध्यक्ष निशात अली ने कहा ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने ज्ञापन के माध्यम से जिला अधिकारी से मांग की है आगामी 7 जून 2025 को आने वाले ईद उल अजहा (बकरीद) के त्योहार के मद्देनजर जनपद में साफ सफाई की व्यवस्था, विधुत आपूर्ति की व्यवस्था, शांति-सुरक्षा की व्यवस्था व जल आपूर्ति की व्यवस्था को सुनिश्चित करें जिस से से ईद उल अजहा का पर्व सकुशल सम्पन्न हो।इस दौरान नईम अख्तर अंसारी, मेराज चौधरी, इरफान हुसैन, अली अब्बास, शम्स तबरेज, फिरोज खान आदि तमाम कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जनरेटर के पास मिला टोल कर्मी का सव



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर के तहसील नजीबाबाद थाना किरतपुर के बनेड़ा टोल प्लाजा पर टोल कर्मी का सब मिलने से हड़कंप मच गया टोल कर्मी के परिजनों का कहना है की हमारे पुत्र की हत्या कर दी गई है टोल प्लाजा के कर्मचारियों का कहना है कि जनरेटर के करंट लगने से मृत्यु हुई है टोल प्लाजा पर घंटे पब्लिक का हुजूम लगा रहा पुलिस गंभीरता से जांच में जुट गई है टोल प्लाजा भनेडा पर जनरेटर की चपेट में आया टोल कर्मी मौके पर मौत परिजनों का आरोप टोल कर्मियों द्वारा मारकर जनरेटर में डाला टोल रोड पूरी तरह से जाम मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकार नजीबाबाद पुलिस क्षेत्राधिकार नगीना थाना प्रभारी किरतपुर एवं थाना प्रभारी नजीबाबाद एवं भारी पुलिस बल मौजूद रहा पुलिस ने सबको पोस्ट मास्टर के लिए भेज दिया है पुलिस का कहना है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि मृतक की मौत कैसे हुई है।

# प्रधान संध अध्यक्ष ने प्रधान साथियों के साथ नवागत सीडीओ को बुके भेट कर किया स्वागत



**वेलकम इंडिया**

**असदुल्लाह सिद्दीकी। सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड नौगढ़ के प्रधान संध अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्र उर्फ गंगा मिश्र ने ग्राम प्रधानों के साथ गुरुवार को सिद्धार्थनगर जिले के नवागत मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्हें बुके ? भेंट कर स्वागत किया। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र मिश्र उर्फ गंगा मिश्र व सभी ग्राम प्रधानों का धन्यवाद कर उनसे गांव के विकास मे इमानदारी के साथ शांति और सद्भाव के लिए कार्य करते रहने का आग्रह किया। इस दौरान ग्राम प्रधान अरुण कुमार मिश्रा, महेंद्र यादव, अमिरूल्लाह खान उर्फ पप्पू खान, मोहम्मद तारिख, चंद्रिका यादव, शेषनाथ मिश्रा, जीतू त्रिपाठी, मुनिराम, सोनू त्रिपाठी मौजूद रहे।

# टांडा के एकमात्र स्वतंत्रता सेनानी वफाउर्रहमान जामई को पुण्यतिथि पर किया याद

**वेलकम इंडिया**

**टांडा जिला रामपुर।** गुरुवार को टांडा के इकलौते स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वफाउर्रहमान जामई की 35वीं पुण्यतिथि पर नगरवासियों ने उन्हें खिराजे अकीदत पेश किया। उनके परिवार ने तिलावते कुरआन-ए-पाक पढ़कर ईसाले सवाब किया और मगफिरत की दुआ मांगी ।वफा साहब का जन्म 10 मार्च 1915 को टांडा के एक एहले इल्म खानदान में हुआ। पिता हकीम मौलाना अब्दुल रहमान कासमी के इंतकाल के बाद उनके बड़े भाइयों ने परवरिश की। शुरूआती तालीम मदरसा जामिया अरबिया रहमानिया, टांडा और दारुल उलूम देवबंद में हासिल की। 1935 में रामपुर से कामिल और पंजाब यूनिवर्सिटी से अदीब व फाजिल की डिग्री ली।1937 से 1947 तक जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी में डॉ.




जाकिर हुसैन की सरपरस्ती में काम किया। स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लेते हुए 1932 में मजलिसे अहरार के सत्याग्रह में लाहौर जेल में छह माह काटे। 1942 की हिंदुस्तान छोड़ो तहरीक में करोल बाग में जुलूस की कयादत की, जहां अंग्रेजों की गोली से घायल हुए।आजादी के बाद 1947 के फसादात में करोल बाग से टांडा लौटे। उन्होंने मौलाना अबुल कलाम आजाद को रामपुर से पहला लोकसभा चुनाव जितवाने में अहम भूमिका निभाई। 1948-53 तक रामपुर स्टेट में विधायक और 1953-77 तक टांडा नगर पालिका के 25 साल तक चैयरमैन रहे ।वफा साहब ने टांडा में असरी तालीम को बढ़ावा दिया। उनके बेटे सईद रहमानी ने 1999 में सनराइज इंटर कॉलेज कायम किया, जो आज तालीम का मरकज है। उनकी ईमानदारी का आलम यह था कि बड़े ओहदों पर रहते हुए भी पुश्तैनी खपरैलपोश मकान में सादगी से जिंदगी गुजारी ।उनके तीन बेटों डॉ. मसूद, महमूद, सईद और चार बेटियों– फरहत, मुसर्रत, रफत, जोहरत में से सईद, मुसर्रत और जोहरत हयात हैं। उनकी जीवनी वफाउर्रहमान जामई की हयात ओ खिदमात में जाहिद टांडवी, मौलाना बकाउर्रहमान कासमी, लईक सैफी और सईद रहमानी ने उनकी खिदमात को दर्ज किया।

# बर्ड फ्लू (एवियन एन्फ्लूएन्जा) टास्क फोर्स की बैठक



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद में बर्ड फ्लू (एवियन एन्फ्लूएन्जा) टास्क फोर्स की बैठक मुख्य विकास अधिकारी महोदय, हापुड की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित की गयी। जिसमें अपर निदेशक ग्रेड-2. पशुपालन विभाग, मेरठ, मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग, समस्त उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी / पशुचिकित्साधिकारी हापुड, डा० ओ०पी० मिश्रा , मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, हापुड एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि शहीद अशफाक उल्ला खाँ प्राणी उद्यान जनपद गोरखपुर के टाइगर में ल5 एवियन इन्फ्लूएन्जा वायरस के पाजीटिव होने की पुष्टि के क्रम में शासन द्वारा एवियन इन्फ्लूएन्जा (बर्ड फ्लू) बीमारी से बचाव हेतु आवश्यक तैयारियों के निर्देश दिये गये हैं।

# कलाकारो के भजन और अनवरत भंडारे का रसपान कर झूम उठे श्रद्धालु

**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज ::** संगम महा आरती समिति एवं जय त्रिवेणी जय प्रयाग आरती समिति के द्वारा विगत दस दिनों से गंगा दशहरा महोत्सव का भव्य आयोजन आज अंतिम कड़ी में है जिसमे विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम एवं नित्य प्रतिदिन की भाती बटुक ब्राह्मणों एवं बटुक कन्यायों से आरती करवायी गई है जिसके उपरांत आज इस कार्यक्रम का अंतिम दिवस है जिसके तहत भोर से ही श्रद्धालुओं के लिए कढ़ी चावल एवं दो दर्जन से अधिक प्रकार के व्यंजन का वितरण किया गया है आज के मुख्य यजमान के तौर पर उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र के डायरेक्टर ,सिविल



डिफेंस के डिप्टी कंट्रोलर ,चीफ वार्डन अनिल गुप्ता अन्नू भैया एवं रौनक गुप्ता के द्वारा पूजन कर माँ गंगा की आरती उतारी गई समिति के मीडिया प्रभारी आयुष श्रीवास्तव ने बताया की दस दिनों तक चलने वाले इस महापर्व का आज अंतिम दिवस है जिसकी शुरूआत यहाँ मौजूद मुख्य यजमान के द्वारा गंगा पूजन एवं भोग लगाने से की जाएगी इसके उपरांत सुबह से चल रहे भंडारे को और विराट रूप देते हुए शाम के समय अन्न कई व्यंजनों का वितरण किया गया है जिसके उपरांत उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र के कलाकारो के द्वारा भजन संध्या एवं नृत्य का आयोजन किया गया जिससे पूर्व माँ गंगा को सबसे प्रिये कढ़ी चावल यहाँ मौजूद श्रद्धालुओं को वितरित किया गया एवं कार्यक्रम में भंडारे के संयोजक रवि शर्मा , एवं प्रवीण केसरवानी संरक्षक नागेंद्र सिंह ,वर्तिका सिंह ,श्वेता तिवारी महामंत्री आशुतोष पालीवाल ,आचार्य हरि पांडेय ,रौशनी अग्रवाल,राकेश सिन्हा ,प्रदुम तिवारी,प्रत्यक्ष पांडेय ,जय शर्मा,अनिल मिश्रा,अन्नू राज,छाया पाण्डेय,नेहा शर्मा,सुमित वैश्य, अनुराधा त्रिपाठी , अनुराग सिन्हा, रवि शर्मा ,शिव चन्द्र वैश्य,निर्मल शर्मा ,राजकुमार केसरवानी, रौशनी अग्रवाल,नीतू सिन्हा ,वर्तिका उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री के नेतृत्व में घर-घर जाकर वितरण किए गए पौधे और लोगों को बताया विश्व पर्यावरण दिवस का महत्व

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**

**हाथरस।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री के नेतृत्व में घर-घर जाकर पौधा वितरण किया और लोगों को इस दिन के विषय में बताया हर साल 5 जून को मनाया जाने वाला 'विश्व पर्यावरण दिवस' हमें अपनी पृथ्वी, अपने पर्यावरण के प्रति हमारी सामूहिक और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। यह केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह एक प्रतिज्ञा है कि हम अपने ग्रह को स्वस्थ और हरा-भरा बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास करेंगे। यह दिन दुनिया भर के लोगों को पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर सोचने और उनके समाधान



के लिए प्रेरित करता है, ताकि हम सब मिलकर एक बेहतर और टिकाऊ भविष्य का निर्माण कर सकें। जिला संगठन मंत्री ने बताया। जब हम पर्यावरण दिवस मना रहे हैं, तो हमें यह सोचना होगा कि हम प्रकृति से क्या ले रहे हैं और उसे बदले में क्या दे रहे हैं। हमारा पर्यावरण, जिसमें हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे और जीव-जंतु शामिल हैं, हमारे जीवन का आधार है। लेकिन मानवीय गतिविधियों के कारण यह गंभीर खतरों का सामना कर रहा है - प्रदूषण, वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता का नुकसान। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें तुरंत और सामूहिक रूप से कार्य करने की आवश्यकता है, और इसी दिशा में 'विश्व पर्यावरण दिवस' हमें एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। इस मौके पर कैलाश कूलवाल जिला उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा जिला उपाध्यक्ष दीप्ति वार्ष्णेय जिला उपाध्यक्ष हर्षित गॉड किशन भारती मनोज वार्ष्णेय महेश वर्मा दीपांशु वार्ष्णेय राहुल चौधरी सचिन वार्ष्णेय दाऊ दयाल वर्मा सुरेश अग्रवाल रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एनसीआरटीसी ने महिलाओं के लिए मेरठ साउथ स्टेशन पर शुरू की इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी सेवा

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



मेरठ विश्व पर्यावरण दिवस पर हरित और सतत भविष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए, एनसीआरटीसी ने मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन पर इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी सेवा आरंभ की है। इस क्षेत्र में अपनी तरह की नई पहल की शुरूआत करते हुए इस सेवा को ह्ममहिलाओं द्वारा, महिलाओं के लिएह्व संचालित किया जा रहा है। यानी इसका संचालन विशेष रूप से प्रशिक्षित महिला ड्राइवरों द्वारा केवल महिला यात्रियों के लिए किया जाएगा। इस अग्रणी पहल की शुरूआत यूटीयू मोबिलिटी के साथ साझेदारी में की गई है। यह महिलाओं की सुरक्षा और सतत एवं सुरक्षित लास्ट-माइल कनेक्टिविटी के प्रति एनसीआरटीसी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस सेवा को रणनीतिक रूप से मेरठ साउथ नमो भारत स्टेशन के गेट नंबर 1 से सटे पार्किंग जोन से शुरू किया गया है। मेरठ साउथ स्टेशन पर सभी परिचालित नमो भारत स्टेशनों में सबसे अधिक राइडरशिप है। इस सेवा की शुरूआत में, पीक ऑवर्स के दौरान लगभग 10 इलेक्ट्रिक बाइक तैनात की जाएँगी, जो मेरठ साउथ स्टेशन के 5 किलोमीटर के दायरे में महिला यात्रियों को कम किराए पर लास्ट-माइल कनेक्टिविटी की सेवा प्रदान करेंगी। विश्वसनीय, समावेशी और सुरक्षित परिवहन विकल्पों की कमी के कारण जो वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होता है, वह महिलाएँ हैं। अगर इसके साथ जेंडर नॉर्म और जरूरी सेवाओं तक पहुँच से जुड़ी समस्याओं, खास तौर पर बच्चों और सामान के साथ यात्रा करने पर या बुजुर्गों और दिव्यांग जनों के लिए यात्रा, को जोड़ दिया जाए, तो यह समस्या और व्यापक हो जाती है। एनसीआरटीसी इन मुद्दों को संबोधित करना चाहती थी और इसका एक समाधान प्रस्तुत कर इस परिदृश्य को बदलना चाहती थी। यह पहल इस दिशा में किए गए कई प्रयासों में से एक है। यह नमो भारत की महिला यात्रियों के लिए एक समर्पित, सुरक्षित और विश्वसनीय लास्ट-माइल विकल्प सुनिश्चित करेगा। यात्रियों की प्रतिक्रिया और परिचालन प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के बाद, एनसीआरटीसी इस पहल को अन्य नमो भारत स्टेशनों और प्रमुख स्थानों पर भी विस्तारित करने की योजना बना रहा है। यह महिलाओं के लिए सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल लास्ट-माइल विकल्पों तक व्यापक पहुँच सुनिश्चित करेगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बाबूगढ़ पुलिस ने किया पौधारोपण

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़ जनपद के थाना बाबूगढ़ पुलिस ने आज विश्व पर्यावरण दिवस है जिसके अवसर पर चारों तरफ साफ सफाई में पौधारोपण किया जा रहा है क्योंकि हमारे जीवन में पौधे बहुत बड़ी चीज हैं और पौधारोपण करना हम सभी का फर्ज है, तो वहीं थाना बाबूगढ़ पुलिस ने भी थाना परिसर में 100 पेड़ विभिन्न प्रजाति के लगाकर दिया एक जनपद वासियों को संदेश ली गई शपथ सभी लगे एक-एक पौधा करें देखभाल, तो वहीं थाना बाबूगढ़ थानाध्यक्ष विजय गुप्ता ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज हमारे थाने के समस्त स्टाफ ने थाना परिसर में साफ सफाई कर लगभग 100 पेड़ विभिन्न प्रजातियों के लगाए हैं तथा साथ में ली गई है शपथ पौधे हमारे जीवन में अति आवश्यक हैं करें सभी देखभाल करें उनकी सभी रक्षा, थानाध्यक्ष विजय गुप्ता ने बताया कि पौधे लगाना हमारे जीवन में अति आवश्यक है क्योंकि वह हमें भोजन ऑक्सीजन मेडिसिन और आश्रय प्रदान करते हैं तथा पर्यावरण को शुद्ध रखते हैं, पौधे भोजन प्रदान करते हैं फलों और सब्जियों से लेकर अनाज और अनेक प्रकार के मेवों तक, पौधे मनुष्य और कई जानवरों के लिए भजन प्राथमिक स्त्रोत हैं, कृषि जो पौधों की खेती के इर्द-गिर्द घूमती है मानव सभ्यता है, जीविका के अलावा जड़ी बूटियां और मसाले जैसे पौधे हमारे आहार में स्वाद और पोषण मूल्य जोड़ते हैं, वही थाना बाबूगढ़ थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने थाने के समस्त स्टाफ को दिलाई शपथ, वही पौधारोपण में छोटे बच्चे भी रहे मौजूद, बताया गया है कि पौधे लगाए सभी के जीवन में खुशहाली लाएं पौधे लगाने हैं हमारे जीवन में अति आवश्यक हैं हमें इसे कई फायदे, आधार ओपन में मौजूद रहे सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, गजेंद्र कुमार, एएसआई उदय कुमार, हेड कांस्टेबल अंकित राठी, अफ्ताफ खान, शीतल, दीक्षा, देवदत्त इत्यादि।

# टीसीसी क्लब ने जीता मैच, अगले राउंड में किया प्रवेश



**वेलकम इंडिया**

**टाण्डा जिला रामपुर।** मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे स्वर्गीय जफर इकबाल, मुहम्मद आलम, मंसूर अख्तर, मास्टर सगीर मैमोरियल नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट में टीसीसी क्लब और न्यू स्टार क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। टीसीसी क्लब ने 8 विकेट से मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। न्यू स्टार क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। न्यू स्टार क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में 5 विकेट खोकर 119 रन बनाए। अमर सोढ़ी ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। टीसीसी क्लब के गेंदबाज मस्तान अंकल, मु० बशीर और मतलूब ने एक-एक विकेट लिए। 120 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीसीसी क्लब ने 12.5 ओवर में 2 विकेट खोकर 120 रन बनाए। मु० बशीर ने 51 रन और शोएब बका ने 26 रन बनाए। टीसीसी क्लब ने 8 विकेट से मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टीसीसी क्लब के मु० बशीर को आल राउंडर प्रदर्शन के लिए कांग्रेस युवा नगर अध्यक्ष मुहम्मद माज द्वारा दिया गया। इस अवसर पर टूनार्मेंट कमेटी के संयोजक हाजी सरफराज, अध्यक्ष हाजी जुल्फिकार और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा शरबत वितरण किया गया

**वेलकम इंडिया**




**झांसी!** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की महानगर महिला शाखा द्वारा आज गंगा दशहरा के पावन अवसर पर झांसी के सबसे व्यस्ततम चौराहे, इलाइट चौराहे पर शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष रजनी गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी श्रीमती राम निरंजन जी, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी तथा सदर विधायक पत्नी श्रीमती सुनीता शर्मा जी प्रदेश आईटी चेयरमैन इं मुकेश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष बृज बिहारी सोनी महामंत्री अतुल अग्रवाल किलपन मंडल मंत्री श्री राघव वर्मा, मनोज रेजा राजेन्द्र शर्मा तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अर्पणा द्विवेदी ने व्यापारियों के महान नेता भामाशाह जी तथा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्व श्याम बिहारी मिश्रा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महानगर अध्यक्ष रजनी गुप्ता ने बताया कि आज का दिन बहुत विशेष है। आज गंगा दशहरा विश्व पर्यावरण दिवस के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी का जन्म दिवस भी है जिनकी वजह से हमारा उत्तर प्रदेश दिनों दिन प्रगति के पथ पर अग्रसर है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा राजा भगीरथ के कठोर तपस्या करने के बाद स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं। इसलिए गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान करने का महत्व और बढ़ जाता है। ऐसा करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है, पापों से मुक्ति मिलती है और मृत्यु पश्चात मोक्ष की प्राप्ति होती है। एम एल सी श्रीमति रमा निरंजन जी ने महानगर महिला मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम की बेहद सराहना की और कहा कि पिछले 6 वर्षों से लगातार इस सेवा कार्य को अंजाम दे रही महानगर महिला मंडल बधाई की पात्र है। श्रीमती सुनीता शर्मा जी ने कहा कि करीब 2500 लोगों ने इस भीषण गर्मी में ठंडा मीठा शरबत पीकर राहत की सांस ली, इस पुण्य कार्य के लिए महिला मंडल को बधाई। विश्व पर्यावरण दिवस के तहत आज सभी अतिथियों को, वरिष्ठ नागरिकों तथा सदस्यों को तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में महिला मंडल से रजनी गुप्ता, अर्पणा द्विवेदी निधि नगरिया शशि सराओगी दिव्या गुप्ता ममता अग्रवाल नेहा झा मधु अग्रवाल डॉ अभिलाषा सेहरा, कुसुम साहू, पल्लवी चतुर्वेदी अर्पणा द्विवेदी, रश्मि महेंद्रु, सीमा तिवारी, कल्पना गुप्ता अलका मित्तल नीतू अंजलि इत्यादि मौजूद रहे । कार्यक्रम के अंत में महानगर अध्यक्ष बृजबिहारी सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। पत्रकार बंधुओं से निवेदन है कि समाचार स्वीकार करें।

# गंगा दशहरा के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी एवं शरबत वितरण




**वेलकम इंडिया**

झांसी आज दिनांक 05/06/2025, जायसवाल महिला क्लब के तत्वाधान में श्रीमती रूबी शिवहरे की अध्यक्षता एवं श्रीमती अंजू गुप्ता अवधेश शिवहरे प्रदेश अध्यक्ष जायसवाल महिला क्लब उत्तर प्रदेश के आतिथ्य में विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी एवं शरबत वितरण का आयोजन खड़े हनुमान जी मंदिर आतिंया तालाब झांसी पर किया गया। सर्वप्रथम हनुमान जी की आरती भोग प्रसाद के साथ शरबत वितरण एवं पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती अंजू गुप्ता शिवहरे द्वारा अपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने पर्यावरण के महत्व को समझते हुए हमेशा ही इसके संरक्षण पर विशेष जोर दिया है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विकास की अंधी दौड़ में सबसे ज्यादा हानि पर्यावरण को हुई है, जिससे भविष्य में मानव जीवन के अस्तित्व पर खतरा बढ़ गया है।

अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए अभी से सजग रहकर पृथ्वी, जल एवं वायु में प्रदूषण से मुक्ति के उपाय करने होंगे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**झांसी ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संस्कार संरक्षण समिति द्वारा पुलिया नंबर 9 स्थित सुभाष इंडस्ट्रियल जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रभान राय वरिष्ठ भाजपा नेता/प्रदेश संयोजक राष्ट्रीय महा संपर्क अभियान उपस्थित रहें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नगरा मंडल अध्यक्ष निर्मल कुशवाहा एवं सभासद नगर निगम लखन कुशवाहा उपस्थित रहे ! संस्था के सदस्यों और विद्यालय के कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं ने मिलकर विभिन्न प्रकार के वृक्षों का रोपण किया। इस अवसर पर महिलाओं को तुलसी के पौधे वितरित किए गए, जिससे घरेलू स्तर पर भी पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाई जा सके। संस्कार संरक्षण समिति के अध्यक्ष सुशील जांगड़े ने बताया कि समिति द्वारा लगातार हरित अभियान चलाया जा रहा है और जन-जन को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराया जा रहा है। वृक्षारोपण कार्यक्रम स्कूल के प्रबंधक नवजीवन कुशवाहा की देखरेख में संपन्न हुआ, इस अवसर पर दुष्यंत कुमार, हेमन्त माहौर, दीपा कुशवाहा, हरिश्चंद्र कुशवाहा, पंकज, प्रवीण, गीता, अनुज, कृष्णा, कमल, मिश्रीलाल बाबू, विक्की वर्मा, अंशुल कुशवाहा, जितेंद्र बड़ोनिया , हाजरा खान, आदि उपस्थित रहे अंत में अर्पण शर्मा ने सबका आभार व्यक्त किया. !

# पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** पुलिस ने अलग-अलग मामलों के तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर चालान कर दिया। एसपी शामली रामसेवक गौतम ने सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र से वांछित व वारंटियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेजने के निर्देश दे रखे हैं। एसपी के आदेश पर थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह व उनकी टीम ने धरपकड़ अभियान चलाया। पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी दो सगे भाई शौकीन और मीर हसन को गिरफ्तार कर लिया। दोनों भाइयों का गांव के ही इंद्रपाल के साथ वर्ष 2010 में झगड़ा हो गया था आरोपी वारंट जारी होने के बाद भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं हो रहे थे। दूसरी और पुलिस ने कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी आशु कुरेशी को चोरी के मामले में जमानत होने पर न्यायालय में पेश नहीं होने पर वारंट जारी होने के बाद गिरफ्तार कर लिया।

# कार का संतुलन बिगड़ने से चालक सहित फौजी का परिवार घायल

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित भारसी मोड़ के समीप कार चालक का अचानक से संतुलन बिगड़ जाने के कारण कार सड़क किनारे खेत में पलट गई। कार में सवार चालक सहित एक फौजी का परिवार घायल हो गया आसपास के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। गुरुवार को बिहार राज्य के पटना जिला निवासी आर्मी का जवान भारतेंदु शर्मा अपनी पत्नी नेहा और आठ वर्षीय बच्ची सृष्टि के साथ ट्रेन में सवार होकर दिल्ली आया था। आर्मी के जवान ने दिल्ली से हरियाणा के जींद निवासी टैक्सी चालक राजेश की कर किराए पर लेकर देहरादून के लिए जा रहा था। कार चालक जैसे ही थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित भारसी मोड़ के समीप पहुंचा तो कार चालक को अचानक से नींद की झपकी आ गई और कार चालक का संतुलन बिगड़ गया। कार चालक का संतुलन बिगड़ जाने के कारण कार सड़क किनारे खेत में पलट गई और चालक सहित आर्मी के जवान का परिवार भी घायल हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की जानकारी 112 पुलिस को दी 112 पुलिस ने सभी घायलों को कार से बाहर निकाल कर उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने सभी घायू को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दूसरी और बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव पारसोली निवासी आलम ने बताया कि वह अपनी 8 वर्षीय पुत्री के साथ बाइक पर सवार होकर कस्बे में सामान खरीदने के लिए आया था। कस्बे की जाट कॉलोनी में अपनी बच्ची के लिए चाट खरीद रहा था तभी एक बाइक सवार ने उसकी पुत्री को टक्कर मार कर घायल कर दिया।

# किसानों को धान की नर्सरी में खाद और उर्वरक प्रबंधन की दी जानकारी

**वेलकम इंडिया**




**कांधला। मोहसीन रहमानी।** विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत गांव डुढार मे गुज्जर चौपाल पर किसान वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गुरुवार को कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा संदीप चौधरी ने धान की नर्सरी की जानकारी देते बताया कि 300 वर्ग मीटर नर्सरी क्षेत्रफल में लगभग 250 किलोग्राम गोबर की सड़ी खाद, यूरिया 6 से 8 किलो , डीएपी 4 किलोग्राम, 2.5 किलो, 1 किलो म्युरेट ऑफ पोटाश और 1 किलो जिंक सल्फेट खेत की तैयारी के समय अच्छी तरह से मिलाना चाहिए। बुआई के समय खेत की सतह से पानी निकाल दें और बुआई के तीन से चार दिनों तक केवल खेत की सतह को पानी से तर रखें। जब अंकुर 5 सेंटीमीटर के हो जाएं, तो खेत में 1 से 2 सेंटीमीटर पानी भर दें। जैसे पौधे बढ़ते जाएं। ज्यादा पानी होने पर पानी को खेत से निकाल देना चाहिए। धान की नर्सरी की देखरेख के बारे मे कहा कि नर्सरी में पौधे नाइट्रोजन की कमी के कारण पीले दिखाई दें तो तीन किलों यूरिया प्रति वर्ग मीटर की दर से नर्सरी में दें। रोपाई में देरी होने की संभावना हो तो नर्सरी में नाइट्रोजन की टाप ड्रेसिंग न करें। जरूरत होने पर पौध संरक्षण दवाओं का छिड़काव करें। नर्सरी में सल्फर या जिंक की कमी दिखाई दे तो सही मात्रा के अनुसार उपचार करें। नर्सरी में खरपतवार नियंत्रण के लिए 1 से 2 बार जरूरत के मुताबिक खरपतवारों को हाथ से भी उखाड़ें। इसके बाद नाइट्रोजन का इस्तेमाल करें। धान की नर्सरी लगाने के 3 से 4 हफ्ते बाद पौध रोपाई के लिए तैयार हो जाती है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बीआरसी बलदेव किया गया वृक्षारोपण

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/बलदेव।** खंड शिक्षा अधिकारी बलदेव कौशल कुमार के निर्देशन में पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्लॉक संसाधन केंद्र बलदेव पर पर्यावरण संरक्षण और हरित गतिशीलता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने एवं एक पेड़ माँ के नाम पहल के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर निवर्तमान एकेडमिक रिसोर्स पर्सन डॉ जगदीश पाठक एवं प्रधानाध्यापक सुजीत वर्मा ने बताया कि वर्तमान में मानव जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ा संकट बनकर आया है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को अनुकूल बनाने में हर व्यक्ति को अपने आसपास एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं, दिन प्रतिदिन पृथ्वी से वृक्षों के कम होने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। हमारी बुरी आदतें जैसे बेवजह पानी बर्बाद करना, पॉलिथीन का उपयोग, वृक्षों की कटाई आदि से पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस अवसर पर प्रतीक मिश्रा, जय कौल, बृजेश कुमार, सुभाष कुमार, नाम शरण सुजान आदि की उपस्थिति मुख्य रही।



# मुड़िया मेला व्यवस्था में जुटी नगर पंचायत, चेयरमैन ने बैठक कर कर्मचारियों को सौंपी जिम्मेदारी

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** राजकीय गुरु पूर्णिमा मेला की व्यवस्थाओं को लेकर नगर पंचायत व्यवस्थाओं में जुट गई है। गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभा देवी शर्मा ने मेला व्यवस्थाओं के लिए अधीनस्थ कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए श्रद्धालुओं के लिए श्रद्धाभाव से व्यवस्थाओं में जुटने के निर्देश दिए। गुरुवार दोपहर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभादेवी शर्मा व अधिशाषी अधिकारी चैतन्य तिवारी ने अधीनस्थ कर्मचारियों को मेला क्षेत्र में सफाई, प्रकाश , पेयजल की समुचित व्यवस्था के निर्देश देते हुए अब तक किए गए कार्यों की प्रगति जानी। अधिशाषी अधिकारी चैतन्य तिवारी ने अध्यक्ष प्रभा देवी शर्मा को नगर पंचायत की ओर चल रही मेला व्यवस्थाओं से अवगत करते हुए , सुभाष तिवारी को निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्ग में निराश्रित गौवंश घूम रहा है। अतः तीव्र गति से गौवंश को पकड़ कर गौशालाओं में पहुंचाए। मेले के दौरान निराश्रित गौवंश न दिखे।

सफाई की समुचित व्यवस्था के लिए सफाई निरीक्षक नानक चंद शर्मा को जिम्मेदारी देते हुए अतिरिक्त सफाई कर्मियों की समय वार नियुक्ति कर कार्य कराने व तय अवधि में नाली नालों की सफाई संपन्न कराने को निर्देशित किया। वही समुचित मेला क्षेत्र में नगर पंचायत स्तर से प्रकाश व्यवस्था के लिए एल ई डी लाइट व बल्ब लगाने के निर्देश दिए गए। मेला के दौरान वारिश के चलते होने वाले जलभराव को तत्काल निकलने व मुख्य आबादी में जलभराव न होने के लिए पर्याप्त संख्या में ट्रैक्टर इंजिन व छोटी इंजिन ट्रॉलियां रखने के निर्देश प्रभारी दीवान सिंह को दिए। अध्यक्ष प्रभा देवी शर्मा ने अधिशाषी अधिकारी को मेला अवधि तक सभी नगर पंचायत कर्मचारियों के अवकाश निरस्त करने के साथ साथ युद्ध स्तर पर मेला व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजकीय मेले में करोड़ों श्रद्धालु धार्मिक भावना के साथ आते है अतः व्यवस्थाएं ऐसी करे को वो सभी सुखद अनुभूति लेकर जाए।सभी उपस्थित कर्मचारियों को टीम भावना के साथ एकजुटता से कार्य करने का आह्वान किया।

# पूसा की बासमती किस्मों का बीज बांटा



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा दिल्ली द्वारा नेमा परियोजना में धान की बासमती किस्म 1985,,1718 एवं 1692 का बीज किसानों को निशुल्क प्रदान किया गया। गांव अड़ींग में समारोह पूर्वक करीब 10 कुंतल बीज का वितरण हुआ। किसानों को धान की सीधी बिजाई की जानकारी इस दौरान दी गई। वक्ताओं ने नये बीज से अगले साल के लिए बीज बनाने की जानकारी दी।

एक सोच फाउंडेशन एवं अड़ींग एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सौजन्य से ब्रज वाटिका में बीज वितरण हुआ। बीज प्रदान करते हुए फाउंडेशन के अजय सुमन शुक्ला ने कहा कि सीधे बिजाई के बहुत फायदे हैं। हरियाणा -पंजाब के अनेक किसान इस तकनीक को अपना रहे हैं। इससे लागत में कटौती और फसल गिरने की समस्या से निजात मिलती है। कृषि पत्रकार दिलीप कुमार यादव ने कहा कि एक दशक पूर्व वह सीमैट के सहयोग से माधुरी कुण्ड फार्म पर इस तकनीक का सफल प्रयास देख चुके हैं। गांव अड़ींग में में भी गेहूं बुराई मशीन से ही इस तरीके की धान की खेती करके देख चुके हैं। इस बीज से किसान अगले साल के लिए बीज तैयार करें।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर छात्र छात्राओं ने लगाए पौधे

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** जी एम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कुंजेरा रोड नीमगांव गोवर्धन में गंगा दशहरा ओर विश्व पर्यावरण दिवस पर ज छात्र छात्राओं ने वृक्षा रोपण एवं गोवर्धन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर साफ सफाई की, तथा कॉलेज डायरेक्टर बी बी शर्मा ने छात्र छात्राओं को गंगा दशहरा के पर्व पर पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया और बताया कि गंगा के जल से सगर पुत्रों की आत्मा को मोक्ष मिला और तभी से इस दिन को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गंगा स्नान, दान और व्रत का बहुत महत्व होता है। कहा जाता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने से दस प्रकार के पाप नष्ट हो जाते हैं। इसलिए इसे 'दशहरा' कहा जाता है। 'एक पेड़ माँ के नाम' संकल्प के साथ रोपे जा रहे ये पौधे न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि मातृभूमि तथा मातृशक्ति के प्रति हमारी अगाध श्रद्धा का भी भाव है। प्रकृति संरक्षण की यह पहल, आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित व स्वस्थ भविष्य की नींव रखेगी। जी एम हॉस्पिटल डा. तेजेंद्र शर्मा ने छात्र छात्राओं को विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। 5 जून यानि आज विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह दिन सेलिब्रेट किया जाता है। इस दिन की शुरूआत 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (वठॠअ) ने की थी। पहली बार यह 1973 में मनाया गया। यूं तो हर साल ये दिन सेलिब्रेट किया जाता है, लेकिन हर साल इसे मनाए जाने की थीम अलग-अलग होती है। हम सभी का फर्ज है कि हम आने वाली पीढ़ी के लिए धरती और पर्यावरण को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करें। इस दिन आप लोगों को जागरूक करने के लिए संदेश भेज सकते हैं। इसी उपलक्ष्य में कॉलेज प्राचार्य चंचल कुमार सैनी, विशाल सिंघल,कोमल,राहुल सिनसिनवार, कन्हैया सैनी,विकाश यादव,चारुल शर्मा, रामकुमार सैनी,बलदेव सैनी, दीनदयाल, गुरुदेव, बलराम, मनोज समाधिया, आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# टीबी मुक्त अभियान के लिए लगा कैंप ,अब तक 239 लोगों का लिया गया सैंपल



वेलकम इंडिया

**संत कबीर नगर।** बृहस्पतिवार को विकास खंड सेमरियावा के चंगेरा मंगेरा में टी बी मुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए कैंप लगाया गया। सेमरियावां ब्लाक के चंगेरा मंगेरा में बृहस्पतिवार को टीबी मुक्त अभियान को लेकर कैम्प लगाया गया। इस दौरान 24 लोगों का सैंपल लिया गया। इस अवसर पर सत्य प्रकाश (एसटीएलएस), शिप्रा (सीएचओ), एएनएम सहित अन्य मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावा के एसटीएस देव व्रत लाल श्रीवास्तव ने बताया कि 22 मई से शुरू हुए कैंप में कांटढेस- 52, राय पुर छपिया- 43, दरिया बाद-35, सिंघोरवा- 45, टेमा रहमत- 40, चंगेरा मंगेरा-24 सैंपल मिले हैं जिन्हें जांच के लिये भेजा गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावा के एसटीएस देव व्रत लाल श्रीवास्तव ने बताया कि 9 जून को महुआरी, 10 जून को उसराशहीद, 11 जून को परसा शेख, 12 जून को उचहरा कला, 13 जून खम्हरिया, 14 जून तिनहरी, 16 जून को पैली खास, 14 जुलाई को अशराफबाद, 15 जुलाई को दुधारा, 17 जून को करही, 18 जून को बिगरा अव्वल, 19 जून को सेमरियावा में कैंप का आयोजन किया गया है।

# गंगा दशहरा पर इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह





**बरेली।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस द्वारा एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को शरबत वितरित किया गया। यह आयोजन सीबीगंज स्थित नेशनल हाइवे पर संपन्न हुआ, जहाँ बड़ी संख्या में राहगीरों को शरबत वितरण किया गया। क्लब की तरफ से डॉ मधु गुप्ता, डॉ ममता, डॉ मेधा, कमलेश वैश्य, वैशाली, मीना कपूर, सुरभि, अंजू, ललिता, ज्योति, सुनीता, अफजा, रीना, अनीता आदि कार्यकर्ता एकत्र हुए थे। कार्यक्रम के दौरान क्लब के सदस्यों ने श्रद्धालुओं को ठंडा मीठा शरबत वितरित कर गर्मी से राहत पहुंचाई। इस सेवा कार्य का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता के साथ-साथ समाजसेवा की भावना को बढ़ावा देना रहा। क्लब की अध्यक्ष ने बताया कि ह्लगंगा दशहरा न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक होता है। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ मधु गुप्ता, डॉ ममता और डॉ मेधा ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के इस मौसम में आम लोगों को जल जनित बीमारियों से बचाने व उन्हें तरोताजा रखने के लिए यह पहल की गई है। शरबत वितरण सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें करीब 1000 लोगों को शरबत पिलाया गया। राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों और बच्चों में इस पहल को लेकर खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने लोगों को स्वच्छ जल सेवन और गर्मी में सावधानियां बरतने के लिए भी जागरूक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनूप, कंचन, श्यामा, मनीष सुमन, विद्या और चंदन का सहयोग भी सराहनीय रहा।

# लापता दो छात्रा पुलिस ने मात्र कुछ ही घंटों में की सकुशल बरामद

**कांधला।** मोहसीन रहमानी। कस्बा निवासी दो व्यक्तियों की नाबालिग पुत्री घर से इंटर कॉलेज से अपनी मार्कशीट लेने के लिए गई थी और बीच रास्ते में गायब हो गई थी। पीड़ित परिजनों ने थाने पर पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई थी। पुलिस ने मात्र कुछ ही घंटों में दोनों नाबालिग किशोरियों को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया परिजनों ने राहत की सांस ली है। कस्बा निवासी दो व्यक्तियों ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि उनकी 16 और 17 वर्षीय दो पुत्रियां घर से नगर के एक इंटर कॉलेज से दसवीं की मार्कशीट लेने के लिए गई थी। दोनों छात्रा कई घंटे बीत जाने के बाद भी घर नहीं पहुंची परिजनों ने आसपास वह रिश्तेदारियों में जानकारी थी कि तो दोनों छात्राओं का कहीं भी सुराग नहीं लगा। पीड़ित परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने पहुंचकर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई। दोनों छात्रा सकुशल बरामद होने पर परिजनों ने राहत की सांस ली कानूनी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद परिजन दोनों किशोरियों को लेकर अपने साथ चले गए। दोनों छात्रा सकुशल मिलने पर पुलिस व परिजनों ने रात की सांस ली।

# आसिम खां बने नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स के प्रदेश उपाध्यक्ष



**संतकबीरनगर।** नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स के राष्ट्रीय सचिव राकेशमणि पाण्डेय ने सेमरियावा निवासी मुहम्मद आसिम खां को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। श्री आसिम खां हिन्द मजदूर किसान पंचायत के पूर्व प्रदेश महासचिव और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव रह चुके हैं।

# प्रदेश संगठन मंत्री का भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत




वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री अजेय जी का सभी कार्यकताओं द्वारा पार्टी कार्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने पार्टी कार्यालय में कार्यकताओं की बैठक ली।अपने संबोधन मेंसंगठन मंत्री अजेय जी द्वारा सभी कार्यकताओं को संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने की अपील की।गांव गांव बूथ स्तर पर संगठनकी मजबूती के लिए मंडल अध्यक्ष बूथ प्रभारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अधिकाधिक लोगों को संगठन से जोड़नेकी बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार के 11 वर्षों में जो भी लोकहितकारी कार्य किए गए उसको भी जनता के बीच में ले जाए। आगामी पंचायती चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए कार्य करना है।कहा कि एक अच्छे भारत का निर्माण करना है। वही विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया जिपं अध्यक्ष और प्रशासक बसंती देव, ब्लाक प्रमुख प्रशासक गोविंद दानू, हेमा बिष्ट,पुष्पा देवी कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद,सहित दर्जनों भाजपा पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

# जिलाध्यक्ष से की 80 हजार का हिसाब दिलाने की मांग

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर।** नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी ने कहा कि आठ मई को नगर व्यापार मंडल की बैठक होगी। इसमें जिलाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। इस बैठक में पूर्व नगर अध्यक्ष से अस्सी हजार के कंबल बांटने का प्रस्ताव व अन्य खर्चों की सूची कागजों समेत दिलाने की मांग जिलाध्यक्ष से की जाएगी। इसके लिए उन्हें पत्र भी दिया गया है। गुरुवार को यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने जिलाध्यक्ष पर नगर अध्यक्ष का साथ न देकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पक्ष में खड़े रहने का भी आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष होने के नाते उन्हें पूरी जानकारी लेते हुए ब्यापारियों के हितों के लिए खड़े रहने की अपील करते हुए कांग्रेस के प्रतिनिधि के रूप में कार्य नही करने की अपील की। जोशी ने कहा किवे लगातार निजी हिती के बजाय व्यापारियों के हितों के लिए संघर्षरत रहते हैं।वही बताया कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष अपनी भड़ास निकालते हुए व्यापार मंडल को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंनेअपने उपर लगाए गए आरोपो को निराधार बताते हुए कहा कि उन्होंने उत्तरायणी मेले में जो भी बाहरी व्यापारियों से सदस्यता शुल्क लिया था उसका हिसाब पूरी कार्यकारिणी के सामने रख दिया था। अब तक निष्पक्षता के साथ लगातार व्यापारियों के हितों के लिए आवाज उठाई है।कहा कि नगर व्यापार मंडल में35 महीने के कार्यकाल में अपना पूरे खर्च का विवरण दे चुके हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारा अपनी करनी को छिपाने के लिए नगर व्यापार मंडल को गलत तरीके से कुछ लोगों के साथ मिलकर बदनाम करने की झूठी साजिश और नगर में खुले मॉल में अवैध वसूली करने के झूठे आरोप लगाए गए हैं।

# पक्षियों के लिए घोंसले लगाकर पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बने: सुमन सलूजा

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** बरवाला के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नहर कोठी में आज विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पक्षियों के लिए घोंसले लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की हिंदी प्रवक्ता सुमन सलूजा ने किया, जो पर्यावरण के प्रति विशेष रुचि रखने के लिए जानी जाती हैं। सुमन सलूजा ने अपने प्रेरक संदेश में कहा कि ह्लप्रकृति को बचाना हम सभी का नैतिक दायित्व है। पक्षियों के लिए घोंसले बनाकर हम उनके संरक्षण में योगदान दे सकते हैं और साथ ही बच्चों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं।



इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मनोज गुप्ता ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में प्रकृति के प्रति लगाव पैदा होता है। विद्यालय की कंप्यूटर शिक्षिका श्रीमती रीमा माटा ने भी बच्चों को पर्यावरण के महत्व पर जागरूक किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राएँ—मनमोहन, मनप्रीत, शिल्पा और विदिशा—ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी—श्रीमती रोशनी, श्रीमती संतोष और श्रीमती बिमला—ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज गुप्ता ने इस अवसर पर सभी बच्चों को संदेश दिया कि छोटे-छोटे प्रयासों से हम पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं।

# डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुना

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में किसान दिवस व किसान संगठनों के पदाधिकारियों एवं किसानों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

सर्व प्रथम जिलाधिकारी श्रुति ने किसान पदाधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओं को सुना। जिसमे किसानों द्वारा विद्युत, सड़क, यूरिया व नैनो यूरिया, चकबंदी, गेहूं का शेष भुगतान, गन्ने का शेष भुगतान, खतौनी व घरौनी का संशोधन एवं करवन नदी की सफाई तथा खेतों में निराश्रित पशुओं सहित अन्य किसानों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुईं। बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने किसानों द्वारा प्राप्त शिकायतों में से विद्युत सम्बन्धित शिकायत पर निर्बाध आपूर्ति व जर्जर तारों की पेट्रोलिंग कर ठीक करने, जनपद में जहां कहीं भी टूटी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने, यूरिया को प्राप्त मात्रा में उपलब्ध कराने व नैनो यूरिया को जबरदस्ती न उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने चकबंदी सम्बन्धित समस्याओं का टीम गठित कर निस्तारण करने, गेहूं व गन्ने का शेष भुगतान शीघ्र कराने एवं खतौनी व घरौनी का संशोधन कराने हेतु ग्रामों में रोस्टर बनाकर कैम्प लगवाने तथा करवन नदी की सफाई हेतु शासन को पत्राचार करने तथा समस्त निराश्रित पशुओं को पकड़ने के निर्देश भी दिए। साथ ही बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने प्राप्त अन्य शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण करने को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने कृषकों से कहा कि खसरा, खतौनी, घरौनी, अंश निर्धारण, अविवादित विरासत तथा भूमि से संबंधित अन्य कार्यों को जन सेवा केंद्र द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन करें, जिससे उक्त सम्बन्धित कार्यवाही ससमय पूर्ण की जा सके, साथ ही उन्होंने कहा कि किसी कृषक की आपदा व दुर्घटना में मृत्यु होती है तब उसका पोस्टमार्टम अवश्य कराएं साथ ही सम्बन्धित लेखपाल को अवश्य अवगत कराएं, जिससे कार्यवाही पूर्ण कर मृतक के परिजनो को शासन द्वारा सहायता राशि उपलब्ध कराई जा सके।

# एसडीएम पिंडरा के खिलाफ भड़के वकील ,जमकर की नारेबाजी ,दिया धरना

वेलकम इंडिया



**वाराणसी मिजार्मुराद ।** तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल के नेतृत्व में बुधवार को भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा के कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओ ने एसडीएम के खिलाफ जमकर अपनी भड़ास भी उतारी। अधिवक्ताओं ने पहले तहसील परिसर में जुलूस निकाल कर एसेडीएम के खिलाफ नारेबाजी किया। इसके बाद इन लोगों का जुलूस एसडीएम कार्यालय के पास पहुंचकर धरने के रूप में परिणत हो गया। एसडीएम कार्यालय के सामने ही भारी संख्या में अधिवक्ता धरने पर बैठ गए और एसडीएम वापस जाओ, भ्रष्टाचार बंद करो का जमकर नारेबाजी करने लगे। तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल व महामंत्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा व एसडीएम न्यायिक प्रज्ञा सिंह तानाशाही कर रही हैं,जिसके कारण फरियादियों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। आमजन इन दोनों अधिकारियों के तानाशाही का शिकार हो रहे हैं। निचले स्तर के अधिकारी व कर्मचारी लूट खसोट में लगे हुए हैं। आरोप है कि लेखपाल और कानूनगो के माध्यम से मनमाने ढंग से रुपयों की वसूली हो रही है। बार अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल व महामंत्री सुधीर कुमार सिंह का यह भी आरोप है कि भ्रष्टाचार का मामला उजागर होने के बावजूद भी जिले के आला अधिकारी इन दोनों अफसरो को बचाने में जुटे हुए हैं। इसीलिए तो शिकायत के बावजूद भी जिलाधिकारी इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। बताते चलें कि एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करती हैं और न ही उनको सही ढंग से न्याय दे पाती हैं। न्याय देने की बात तो जुदा है फरियादियों के साथ जिस तरीके की अभद्रता करती हैं उससे समूचा जनमानस और अधिवक्ता समाज के साथ प्रशासनिक अफसर भी शर्मशार है।

# विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** प्रदेश शासन के आदेशानुसार और विनोद वैशाली अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मोदीननगर एवं अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र के निर्देशन मे विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण खत्म के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर लगातार जागरूकता अभियान चलाकर लोगो से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने की अपील की गई। जिन दुकानदारों को प्रतिबन्धित प्लास्टिक का उपयोग करते हुए पाया गया उन पर जुमार्ने की कार्यवाही करते हुए प्लास्टिक को जब्त किया गया। नगर के विभिन्न वार्डो में घर से निकलने वाली प्लास्टिक बोतल आदि के संग्रहण के लिये विशेष अभियान चलाकर , एकत्रित प्लास्टिक को आर आर आर सेंटर पर जमा कराया गया। पर्यावरण दिवस पर विभिन वार्डो की एसवीपीएस मेंबर्स, सभासदगण, नारी शक्ति एनजीओ की महिला अध्यक्ष आदि के साथ वृक्षारोपण का कार्य सम्पन कर, लोगो को कपड़े के थैले इस्तेमाल करने हेतु प्रेरित करने के लिए निःशुल्क कपड़े से बने थैलो का वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान उमेश चंद आंनद कर अधीक्षक, अमरीश कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, अंकित चौधरी कर निरीक्षक, वेद प्रकाश, ललित त्यागी, रजनीश चौधरी आदि सभासद, नारी शक्ति एनजीओ की ओर से शोभा चौधरी एवं उनकी टीम उपस्थित रही।

# राजकुमार गोयल इन्सी0ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट में विश्व पर्यावरण दिवस पर पेड़ लगाए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** राजकुमार गोयल इन्सी0ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट में विश्व पर्यावरण दिवस पर कॉलेज के डायरेक्टर डा0 राकेश गोयल द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के वाईस चेयरमैन अक्षत गोयल जी द्वारा कहा गया कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें पर्यावरण संरक्षण के महत्व की याद दिलाता है। यह दिन प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को समझने और प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर ध्यान देने का अवसर है इसलिए हमें एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।कालिज के निदेशक डा0 राकेश गोयल द्वारा कहा गया कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का मकसद है- लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और सचेत करना। प्रकृति बिना मानव जीवन संभव नहीं।ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि हम पेड़-पौधों के महत्व को समझें। इस अवसर पर कॉलेज की डीन डा0 मनोरमा शर्मा, डा0 अरूण कुमार पाण्डेय, डा0 आभा वत्स, संदीप सिंह आदि अध्यापक एवं स्टाफ गण मौजूद रहें।

## ग्रीन विद्यालय ,क्लीन विद्यालय का छात्र छात्राओं ने लिया संकल्प



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी सेमरियावां आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर विद्यालयों में चल रहे समर कैंप की गतिविधियों में शामिल छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ के तहत स्कूलों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

गुरुवार को ब्लॉक सेमरियावां के न्याय पंचायत सेमरियावां,बाघनगर,उसराशहीद, का,दुधारा,परसा शेख, बजहरा, तिलजा , सालेहपुर, पैली, उमिला और बुधाबांध स्थित जूनियर हाई स्कूल और कंपोजिट विद्यालय में समर कैंप संचालित हैं।शिक्षक,शिक्षा मित्र एवं अनुदेशकों की मौजूदगी में विद्यालय प्रांगण में पेड़ लगाए गए। गुरुवार के दिन कंपोजिट विद्यालय सेमरियावां के शिक्षक छात्र एवं अभिभावकों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

समर कैंप में शामिल सभी ने ग्रीन स्कूल,क्लीन स्कूल बनाने एवं पेड़ पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया।

# योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर सनातन हिन्दू वाहिनी ने निकली तिरंगा यात्रा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्म दिन के उपलक्ष में सनातन हिन्दू वाहिनी उत्तर प्रदेश के तत्वाधान मे तिरंगा यात्रा निकाली और योगी आदित्यनाथ के दीघार्यु की कामना की।तिरंगा यात्रा का नगर में कई जगह भव्य स्वागत किया गया।सनातन हिन्दू वाहिनी के अविनाश शर्मा ने बताया कि सनातन हिन्दू वाहिनी उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में गत 25 मई से 7 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के दीघार्यु एवं अच्छे स्वास्थ की कामना के लिए सुन्दरकाण्ड, हवन, तिरंगा यात्रा, भण्डारे आदि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।इसी कड़ी में आज शहीद स्थल गाजियाबाद से सनातन हिन्दू वाहिनी मेरठ मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र राणा एवं कोषाध्यक्ष अविनाश शर्मा के नेतृत्व में वाहिनी द्वारा मेरठ सुभारती के निकट ग्राम घाट के प्राचीन शिव मन्दिर तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है। यात्रा का जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया। मोदीनगर में आर एन रिसॉर्ट एवं बस स्टैंड के निकट नगर व्यापार मण्डल एवम कैमिस्ट एसोसिएसन मोदीनगर द्वारा सयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा में शामिल लोगों को जलपान भी कराया गया। स्वागत करने वाली में मुख्य रूप से नगर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष पवनकुमार केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश शर्मा विजय कुमार नरेंद्र कुमार मुकेश कुमार आदि लोग थे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस पर किया वृक्षारोपण



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस के अवसर पर आदर्श नगर ईएसआई हॉस्पिटल के कैंपस में वृक्षारोपण अभियान सभासद ललित त्यागी जिला महामंत्री युवा मोर्चा के नेतृत्व में चलाया गया इस मौके पर नवीन जायसवाल जिला कोषाध्यक्ष भाजपा, रिंकू प्रधान, गोपाल गुप्ता, विनोद गुप्ता, शिव अग्रवाल, संदीप वर्मा, राजकुमार, आदि उपस्थित रहे सभी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दीघार्यु की कामना की ।

## चेयरपर्सन एवं ईओ ने पर्यावरण दिवस पर किया वृक्षारोपण




वेलकम इंडिया

**शिकारपुर/बुलंदशहर/**गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर निमार्णाधीन कान्हा गौशाला पर चेयरपर्सन नगर पालिका परिषद शिकारपुर राजबाला सैनी व अधिशासी अधिकारी सुश्री नीतू सिंह सभासदगण व स्वच्छ भारत मिशन के ब्राड एम्बेसडर, व पालिका कर्मचारियों के सहयोग से अन्तराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया।सभी ने एक एक पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाने के संदेश देते हुए अपनी अपनी सहभागीदारी सुनिश्चित की। साथ ही चेयरपर्सन द्वारा सभी उपस्थितगणों को ₹स्वच्छ भारत हरित भारत₹ के अन्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री का उपयोग न करने, कम से कम कचरा करने, ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने प्लास्टिक बैग की जगह पेपर बैग और जूट के कपड़े का इस्तेमाल करने आदि के संबंध में शपथ ग्रहण कराई गयी।

## अहार उर्स में कांग्रेस ने चढ़ाई चादर, मुल्क में अमन और भाईचारे की दुआ

अहार/बुलंदशहर/अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव अहार में सैयद अली हुसैन शाह और मियां साजिद हुसैन शाह के मजार पर चल रहे उर्स में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कांग्रेस की तरफ से चादरपोशी की और मिल्क में अमन, चैन और भाईचारे के लिए दुआ की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष और नेताओं ने चादरपोशी के बाद कव्वाली मुकाबले का फीता काटकर शुभारंभ किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने अपने संबोधन में कहा कि सूफी संतों के दरबार सामाजिक एकता, भाईचारा और सद्भाव के केंद्र होते हैं ।उन्होंने कहा कि अहार का यह उर्स मेला क्षेत्र और जिले में भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग और दल हिंदू मुस्लिम एकता को तोड़ने में लगे हैं और नफरत फैला रहे हैं, ऐसे लोगों से सावधान रहना है ।

# गंगा का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारीः जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर गुरुवार को जनपद के नरौरा बसी गंगा घाट में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने की। यह कार्यक्रम ह्यनमामि गंगेह्न मिशन के तहत आयोजित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के सतत विकास, नदी पुनरुद्धार, स्वच्छ पर्यावरण और युवा सहभागिता के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में मा0 मंत्री जी द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में हर नदी को ह्यमांह्न कहा गया है। ऐसे में उनका संरक्षण सिर्फ एक दायित्व नहीं, बल्कि एक श्रद्धा है। श्री पाटिल ने नदियों में फैल रहे प्रदूषण को रोकने के लिए कहा कि जन सहभागिता से ही गंगा को स्वच्छ किया जा सकता है।सभी को जागरूक करना है कि गंगा में किसी भी प्रकार का प्रदूषण नहीं फैलाए।जल के दूषित होने के साथ ही जलीय जीवों को भी प्रदूषण से हानि पहुंचती है।उन्होंने कहा कि हमें प्रदूषण के स्रोत पर ही रोक लगानी होगी।सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर पूर्णतः रोक लगानी है।गंगा में जाने वाले दूषित पानी को एसटीपी के माध्यम से फिल्टर कर भेजा जाए। जितने भी सिवरेज प्लांट हैं वह सक्रियता से कार्य करे। आज गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदर्शित किए गए नाटक की भी सराहना करते हुए कहा कि कलाकारों ने आत्मीयता के साथ गंगा को दूषित होने से बचाने के लिए संदेश दिया।हम सभी का दायित्व है कि गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, बल्कि जीवनदायिनी शक्ति है – तब तक संरक्षण अधूरा रहेगा।उन्होंने गंगा की स्वच्छता के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 2014 में शुरू की गई नमामि गंगे योजना की सराहना करते हुए कहा कि नमामि गंगे योजना के तहत गंगा को स्वच्छ बनाए रखने का कार्य किया जा रहा है। नाविकों के द्वारा भी गंगा जी को साफ सुथरा रखने के लिए यात्रियों को भी जल में किसी प्रकार का अवशेष नहीं डालने के लिए प्रेरित किया जाता है।

## दशहरे के पावन पर्व पर मीठे जल का किया वितरण




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सीकरी खुर्द स्थित गौरीशंकर मंदिर में राष्ट्रीय परशुराम परिषद द्वारा दशहरे के उपलक्ष में मीठा जल का वितरण किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय परशुराम परिषद के पद अधिकारी एवं मंदिर समिति के पद अधिकारी मुख्य रूप से मंदिर के महंत नारायण शास्त्री संजय प्रधान निखिल वत्स राजकुमार मास्टर शेखर त्यागी महेंद्र चंदेला समाजसेवी एवं पूर्व सभासद दीपक वत्स ब्रह्मम सिंह ओमवीर जांगिड देवदत्त वत्स अंशुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।दीपक वत्स ने कहा कि दशहरे के पावन पर्व पर जो भक्त मीठा जल वितरण करते हैं तथा जो श्रद्धालु शरबत का प्रसाद ग्रहण करते हैं श्री भगवान मनोकामना पूर्ण करते हैं।हमें श्रद्धा भाव से अपने त्योहारों को मनाना चाहिए।

# ग्रेनो प्राधिकरण के 3 अधिकारी निलंबित, बिना भूमि अधिग्रहण किया था आवंटन

वेलकम इंडिया




**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के तत्कालीन महाप्रबंधक आरके देव, प्रबंधक कमलेश मणि चौधरी व वरिष्ठ ड्राफ्टमैन सुरेश कुमार को निलंबित कर दिया है।इस संदर्भ में उच्च न्यायालय के निर्देश पर कराई गई जांच में 11 अधिकारियों व कर्मचारियों को दोषी पाया गया है। निलंबित किए गए तीनों अधिकारी गंभीर दोषी पाए गए हैं। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताया कि शेष आठ अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका भी जांच की जा रही है। शीघ्र ही इनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा पतवारी गांव में वर्ष 2008 में भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू किया गया था।प्राधिकरण की योजना एलओपी-03 के अंतर्गत पतवारी गांव के खसरा संख्या 1,245 में भूखंड नियोजित किए गए थे। वर्ष 2023 में प्राधिकरण ने पतवारी गांव की भूमि पर आवासीय प्लाट योजना की शुरूआत की थी और पांच आवंटियों को सबसे अधिक बोली लगाने पर आवंटन पत्र जारी किया था। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर दो में आवंटियों को 9,600 वर्ग मीटर भूमि का आवंटन कर दिया गया, जबकि इस खसरे के कुल 9,600 वर्ग मीटर में से प्राधिकरण द्वारा मात्र 1,600 वर्ग मीटर भूमि का ही अधिग्रहण किया गया था। प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 8,000 वर्ग मीटर की अनार्जित भूमि के सापेक्ष त्रुटिपूर्ण लीज बनाकर मनिन्दर सिंह नागर व चार अन्य को भूमि आवंटित कर दी थी। अधिग्रहण किए बगैर ही भूमि आवंटित किए जाने के कारण आवंटियों को कब्जा नहीं दिया जा सका। नतीजतन पांचों आवंटियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई के दौरान इसी वर्ष 23 जनवरी को उच्च न्यायालय ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर उनके विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए थे।जांच में 11 अधिकारी एवं कर्मचारी दोषी पाए गए थे। इनमें तीन अधिकारी गंभीर रूप से दोषी पाए गए थे, जिन्हें शासन ने निलंबित कर दिया है। मंत्री ने औद्योगिक विकास विभाग को निर्देश दिए हैं कि जल्द ही शेष अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाए।

## 7 जून को भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक, वैकल्पिक रूट तय

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) के मौके पर सात जून को शहर की यातायात व्यवस्था को नियंत्रित रखने के लिए पुलिस ने सख्त इंतजाम किए हैं। त्योहार के दिन सुबह पांच बजे से लेकर देर शाम तक भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ट्रैफिक पुलिस ने इसके लिए वैकल्पिक मार्ग भी निर्धारित कर दिए हैं। एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने बताया है कि बकरीद की नमाज के दौरान शहर में भीड़भाड़ और सुरक्षा के दृष्टिकोण से भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित किया गया है। यह व्यवस्था 7 जून को सुबह पांच बजे से प्रभावी होगी। दिल्ली, रामपुर, नैनीताल और पीलीभीत की ओर से आने वाले भारी वाहन झुमका तिराहा, बड़ा बाइपास, विलवा, विलयधाम, नवदिया झादा, रजऊ तिराहा होते हुए ट्रांसपोर्ट नगर की ओर भेजे जाएंगे। वहीं, दिल्ली, रामपुर, नैनीताल और पीलीभीत से बदायूं की ओर जाने वाले भारी वाहन भी इन्हीं मार्गों से होकर गुजर सकेंगे। बदायूं की ओर से आने वाले भारी वाहनों को सुबह सात बजे से पहले रामगंगा, बुखारा और कैंट होते हुए शहर में प्रवेश की अनुमति रहेगी। दिल्ली और रामपुर से आने वाली रोडवेज बसें झुमका तिराहा से मिनी बाइपास, इज्जतनगर तिराहा, डेलापीर, 100 फुटा होते हुए सेटेलाइट बस अड्डे तक जाएंगी। इन्हीं मार्गों से बसों को वापसी में भेजा जाएगा।

### विकसित भारत का अमृतकाल: सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण

# मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर विशेष जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ की कार्यशाला का आयोजन





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्विकसित भारत का अमृतकाल झ सेवा, सुशासन और गरीब कल्याणश् विषय पर एक विशेष जन जागरूकता अभियान दिनांक 9 जून से 21 जून 2025 तक प्रदेश व्यापी स्तर पर संचालित किया जाएगा। इसी क्रम में आज गोल्डन व्यू रिजॉर्ट, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में एक महानगर स्तरीय विशेष संगठनात्मक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

**कार्यशाला के मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री सतेन्द्र शिशौदिया ने कहा:** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। यह अभियान उस विकास गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का एक संगठित प्रयास है। संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रियता, सहभागिता और प्रतिबद्धता ही इस अभियान की सफलता की कुंजी है। हमें मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक इस भावना को ले जाना है कि ह्यविकसित भारत झ सबका साथ, सबका प्रयासह्न केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी कार्यशैली का मूल आधार है।प्महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस अभियान के लिए रनिता सिंह को महानगर संयोजक, गुंजन शर्मा, गौरव चोपड़ा एवं विनोद कसाना को सह-संयोजक बनाया गया है। उन्होंने क्षेत्रीय अध्यक्ष महोदय, विशिष्ट अतिथिगण, और सभी सहभागी सदस्यों,

आज की इस महत्वपूर्ण कार्यशाला के समापन अवसर पर मैं आप सभी का हृदय से धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूँ।इस कार्यशाला के माध्यम से हमने जिन विचारों, योजनाओं और कार्यनीतियों पर विचार-विमर्श किया है, वे निश्चित ही हमारे आगामी कार्यों के लिए दिशा-निर्देशक सिद्ध होंगे। मैं कार्यशाला के आयोजकों, सभी वक्ताओं, सहभागी गण, तकनीकी और व्यवस्थापकीय टीम का विशेष धन्यवाद करता हूँ, जिनके प्रयासों से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

**कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति:** क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व महापौर आशु वर्मा, आशा शर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, रूप चौधरी, पूर्व अध्यक्ष अमरदत्त शर्मा, अशोक मोंगा, विजय मोहन, अजय शर्मा, पवन गोयल, महेश अग्रवाल, राजेश्वर प्रसाद, योगेश त्रिपाठी, रुचि गर्ग, अनीता शर्मा, रनिता सिंह, इंदु जौहरी, पूनम कौशिक, साक्षी नारंग, पप्पू पहलवान, राजेश त्यागी, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, विनोद कसाना, संजय रावत, चमन चौहान, संजीव झा, महेंद्र यादव, बब्बल यादव, कामेश्वर त्यागी, प्रदीप चौधरी सहित मंडल अध्यक्षगण, मंडल संयोजक, सह संयोजक, शक्ति केंद्र संयोजक, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ प्रमुख, तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# जाने-माने पत्रकार ललित कुमार का निधन, पत्रकार जगत में छाया शोक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** वरिष्ठ पत्रकार ललित कुमार का निधन हो गया। गुरुवार की सुबह यह खबर मिलते ही गाजियाबाद के पत्रकार जगत में शोक छा गया। उनकी पहचान एक अनुभवी और प्रतिष्ठित पत्रकार के रूप में थी। पत्रकार वेलफेयर एसोएिशन के अध्यक्ष जितेन्द्र बच्चन ने शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि ललित जी का जाना पत्रकार जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वरिष्ठ पत्रकार अजय औदिच्य उन्हें याद करते हुए बताते हैं, तीन दशक हो गए, तब मैं हिंट हिंदी में संवाददाता था और ललित कुमार जी ळ्ल्ल३ एल्ल्ॅ्रह्नर के समाचार संपादक हुआ करते थे। तब बिना किसी लाग-लपेट के पत्रकारिता होती थी। ललित जी हमारी तरह चलने-फिरने में असमर्थ थे। कभी-कभी कहते थे कि ऑन स्पॉट रिपोर्टिंग मुझे भी करा दिया करो। स्कूटर पर उन्हें पीछे बिठाकर ले जाना-लाना कितना मुश्किल होता था, बयां करना मुश्किल है। इस हालत में भी मौके पर जाकर कवरेज करने का जज्बा ललित जी जैसा किसी दूसरे पत्रकार में मैंने तो नहीं देखा। हिंट छोड़कर टाइम्स ऑफ इंडिया से जुड़ने के बाद तो ललित जी में ऑन स्पॉट रिपोर्टिंग का ऐसा भूत सवार हुआ कि पूछिये ही मत। जहां भी किसी सनसनीखेज वारदात या बड़े भ्रष्टाचार की खबर मिलती, ललित जी के साथ मैं, एस पी सिंह, फरमान अली और फोटोग्राफर श्रीराम का दल मौके पर जाकर पहुंचता और दूध का दूध पानी का पानी कर देता। ललित जी की देखादेखी अन्य पत्रकारों को भी ऑन स्पॉट रिपोर्टिंग के लिए मजबूर होना पड़ता था। नतीजा यह हुआ कि उन दिनों अखबारों में खबरों की विश्वसनीयता का ग्राफ 90 डिग्री पर पहुंच गया था। पत्रकारिता का स्तर ऊंचा उठाने में अहम रोल अदा करने वाले ललित जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि। हमारा 30 साल याराना रहा। जिस दिन हम एक दूसरे से न मिल पाएं, वो दिन मनहूस लगता था। निस्वार्थ सम्बन्ध थे हमारे बीच। मजाकिया स्वभाव के ललित जी पत्रकारिता के स्तंभ थे। मौके पर जाकर खबर की कवरेज करने का जज्बा जैसा ललित जी में था, मैनें किसी दूसरे पत्रकार में नहीं देखा। उनके घर जो भी जाता था, उसका गर्मजोशी से स्वागत करते थे। खबर के साथ किसी तरह का समझौता उन्हें स्वीकार नहीं था। हमारे बीच भाई से बढ़कर प्रेम रहा।

# सिख समाज और युवा पीढ़ी को मिल रहा गठबंधन का लाभ

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) इंद्रजीत सिंह टीटू ने पार्टी के केंद्र सरकार के साथ गठबंधन को सही समय पर लिया गया दूरदर्शी निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि यह कदम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह जी की राजनीतिक सूझबूझ का परिणाम है, जिसका लाभ अब देश की नई पीढ़ी और सिख समाज को स्पष्ट रूप से मिल रहा है।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में शामिल होने के बाद चौधरी जयंत सिंह को जो महत्वपूर्ण मंत्रालय मिला है, उससे किसानों के बच्चों के भविष्य को नई दिशा मिल रही है। युवाओं को स्किल विकास के जरिए बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं। टीटू ने यह भी उल्लेख किया कि जयंत सिंह ने अपनी निधि का एक बड़ा हिस्सा खेल और युवा कल्याण योजनाओं, जैसे कि स्टेडियम निर्माण, आदि के लिए समर्पित किया है। इंद्रजीत सिंह टीटू ने सिख समाज के हित में उठाए गए हालिया कदमों की सराहना करते हुए कहा कि गठबंधन में शामिल होने के बाद दिल्ली सरकार ने 1984 के दंगा पीड़ितों को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र प्रदान किए हैं और यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता द्वारा हाल ही में लिए गए फैसले का भी स्वागत किया, जिसमें फ्री बिजली योजना में 1984 के दंगा पीड़ित परिवारों को शामिल किया गया है। उन्होंने इसे एक संवेदनशील और सराहनीय निर्णय बताया।

साथ ही यह भी कहा कि 1984 के दोषियों को सजा दिलाने की प्रक्रिया भी इसी सरकार के कार्यकाल में सक्रिय रूप से आगे बढ़ रही है। टीटू ने पूरे सिख समाज, राष्ट्रीय लोकदल और गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की पूरी कमेटी की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का आभार प्रकट किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण और सफाई अभियान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम द्वारा गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया। महापौर सुनीता दयाल एवं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में शहर के सभी वार्डों में 2000 से अधिक पौधे लगाए गए। प्रत्येक वार्ड में माननीय पार्षदों के माध्यम से पौधारोपण किया गया, जिसमें उद्यान विभाग की टीम लगातार सक्रिय रही।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हिंडन घाट पर नगर निगम ने विशेष सफाई अभियान चलाया। सफाई मित्रों और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से हिंडन घाट की साफ-सफाई की गई और प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का संदेश दिया गया। सफाई अभियान के बाद महापौर और नगर आयुक्त ने इंदिरापुरम स्थित अर्बन फॉरेस्ट पहुंचकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति शहरवासियों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान महापौर सुनीता दयाल ने स्वच्छ और हरित शहर के सपने को साकार करने के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में पर्यावरण संरक्षण को लेकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी व्यापक स्तर पर पौधारोपण एवं सफाई अभियान किए गए हैं। नगर निगम की टीम शहर की खाली और अव्यवस्थित भूमि को कूड़ा मुक्त कर वहां पौधारोपण की योजना पर काम कर रही है। पूर्व में लगाए गए पौधों का निरीक्षण गाजियाबाद नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर पॉन्ड मैन रामवीर तंवर ने किया, जिनके मार्गदर्शन में पौधे अब वृक्ष का रूप ले चुके हैं। महापौर ने भी अन्य स्थानों पर अर्बन फॉरेस्ट विकसित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्षद आनंद गौतम, पार्षद अमित त्यागी, पार्षद संजय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगर निगम अधिकारी और कई सामाजिक संस्थाएं उपस्थित रहीं। महापौर एवं नगर आयुक्त ने मुख्यमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं।

## सचिव ने गौर्स बिल्डर ग्रुप के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन जोन के टीलामोड़ थाना क्षेत्र में शालीमार सिटी सोसायटी के सचिव राजेश कुमार मिश्रा ने गौर्स बिल्डर ग्रुप के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कई आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने कहा है कि बिल्डर की ओर से निर्माण कार्य के दौरान मानकों की पूरी अनदेखी की गई, जिसके चलते उनकी सोसायटी में रहने वाले लोगों को लगभग 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। सोसायटी सचिव का आरोप है कि गौर संस्था के निर्माण कार्य में लगे क्रेन की लापरवाही से सोसायटी की छत से क्रेन टकराई और उससे गिरे मलबे ने सोसायटी में खड़ी सात कारों सहित अन्य संपत्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। यह हादसा एक जून की शाम करीब पांच बजे हुआ। इससे न केवल आर्थिक नुकसान हुआ बल्कि कई लोगों की जान भी खतरे में पड़ गई। जब सचिव ने प्रबंधक से शिकायत की तो आरोप है कि गौर्स के प्रबंधक ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। सचिव ने बिल्डर ग्रुप की इस लापरवाही और धमकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने पुष्टि की है कि इस मामले में प्रबंधक समेत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। पुलिस आरोपियों की पहचान और मामले की गहन जांच कर रही है। बिल्डर ग्रुप के डायरेक्टर मनोज गौड़ समेत अन्य लोगों से संपर्क साधने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने इस मामले में कोई बयान देने से इनकार किया। यह मामला निर्माण कार्यों में सुरक्षा नियमों की अनदेखी और बिल्डरों की लापरवाही को उजागर करता है, जो न सिर्फ आर्थिक बल्कि जान–माल के भारी जोखिम की ओर इशारा करता है। अब इस मामले में पुलिस की जांच के बाद आगामी कार्रवाई का इंतजार है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आईएमए एवं माइक्रोलैब्स का विशेष आयोजन

**गाजियाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को आईएमए गाजियाबाद एवं माइक्रोलैब्स ने संयुक्त रूप से आईएमए भवन में एक भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना था। आयोजन में प्लांटेशन, बोनसाई फॉर्मेशन और इकोब्रिक बनाने की तकनीकों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इस अवसर पर डॉक्टर सरिता आनंद ने इकोब्रिक निर्माण की विशेष विधियों के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी, जबकि डॉक्टर अंजना सभरवाल और डॉक्टर सरला मेहता ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित जीवनशैली पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को टी–शर्ट वितरित की गई, जिससे वे पर्यावरण दिवस के महत्व को याद रख सकें। इकोब्रिक बनाकर लाने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और उनकी बनाई हुई बोनसाई की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित खरीदारों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस प्रदर्शनी ने पर्यावरण प्रेमियों में नए उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम में आई एम ए के वरिष्ठ डॉक्टरों जैसे डॉक्टर राजीव गोयल (अध्यक्ष), डॉक्टर सार्थक केसरवानी, सचिन, डॉक्टर राजीव कुमार (कोषाध्यक्ष), डॉक्टर अल्पना कंसल (अध्यक्ष निर्वाचित), डॉक्टर रीनू गोयल और माइक्रोलैब्स के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी को और मजबूती मिली और यह संदेश गया कि हर व्यक्ति अपने स्तर पर प्रकृति की रक्षा कर सकता है। विश्व पर्यावरण दिवस के इस आयोजन ने गाजियाबाद में हरित पहल को नई दिशा दी है।

# सात सदस्यों समेत दर्जनों फर्जी दस्तावेज बरामद, करोड़ों की धोखाधड़ी का खुलासा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले की क्राइम ब्रांच और थाना कविनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक संगठित और खतरनाक फर्जी जमानत गिरोह का पदार्फाश हुआ है, जो वर्षों से जेल में बंद आरोपियों को फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से जमानत दिलाने का बड़े पैमाने पर कारोबार कर रहा था। पुलिस ने इस गिरोह के सात सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में फर्जी आधार कार्ड, खतौनियां, बेल बॉन्ड, रसीदी टिकट, नकली मोहरें और अन्य आपराधिक दस्तावेज जब्त किए हैं। यह गिरोह न केवल स्थानीय अपराधियों बल्कि हाईप्रोफाइल मामलों के अपराधियों के लिए भी फर्जी जमानतें कराता रहा है। क्राइम



ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकी और थाना कविनगर की संयुक्त टीम ने आरडीसी क्षेत्र में चल रहे इस गुप्त नेटवर्क पर छापा मार कर बड़ी सफलता हासिल की। पूछताछ में पता चला कि गिरोह का सरगना अनोज यादव, जो पहले नोएडा में नौकरी करता था, कोविड महामारी के दौरान अपनी नौकरी खोने के बाद इस काला कारोबार में शामिल हो गया। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर जेल में बंद आरोपियों से संपर्क साधा, जो स्वयं के लिए जमानतदार नहीं ढूंढ पा रहे थे। इसके बदले वे आरोपियों से 5 से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेकर 20 से 50 हजार रुपये की जमानत राशि के लिए फर्जी दस्तावेज बनाते थे। गिरोह की चालाकी इतनी थी कि वे ऑनलाइन भूलेख पोर्टल से खतौनी निकालते, फिर किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर फोटो बदलकर फर्जी आधार कार्ड तैयार करते और नकली मोहरों के जरिए बेल बॉन्ड, रसीदी टिकट सहित सारे दस्तावेज न्यायालय में जमा कर देते थे। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि गिरोह अब तक लगभग 600 से 700 फर्जी जमानतें करा चुका है, जिनमें कई ऐसे भी मामले शामिल हैं जो हाईप्रोफाइल अपराधियों से जुड़े हैं।

# पंचायती राज और सतत विकास लक्ष्यों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** डी.पी.आर.सी. पंचली खुर्द, मेरठ के तत्वावधान में विकास भवन स्थित दुर्गावती सभागार में गुरुवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना), पीडीआई (पंचायत विकास सूचकांक) समितियों के सदस्यों, मॉडल ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों एवं मीडियाकर्मियों को लक्षित करते हुए आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करना और सतत विकास लक्ष्यों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल एवं परियोजना अधिकारी प्रदीप कुमार पांडे ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी श्री प्रदीप कुमार द्विवेदी ने पंचायती राज व्यवस्था की बारीकियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

# नगर निगम भ्रष्टाचार का बड़ा खुलासा, पूर्व पार्षदों ने अधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पूर्व पार्षद जाकिर अली सैफी, मनोज चौधरी और वार्ड 95 की महिला पार्षद रूकसाना सैफी ने गुरुवार को नगर निगम गाजियाबाद के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और गैरजिम्मेदाराना कार्यशैली को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि निगम में वर्षों से तैनात कुछ अधिकारी भ्रष्टाचार को संरक्षण देते हुए जनता पर बेवजह हाउस टैक्स का भारी बोझ डाल रहे हैं। उन्होंने निगम में तीन साल से अधिक समय से एक ही पद पर कार्यरत अधिकारियों की संपत्ति की जांच कराने की मांग भी उठाई।

पूर्व पार्षदों ने उत्तरांचल भवन, पूर्वांचल भवन और बाल्मीकि सभागार के निर्माण कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इन महत्वपूर्ण भवनों की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने के लिए एक आर्किटेक्ट को ठेका दिया गया था, जिसने बार-बार रिपोर्ट में बदलाव कर ठेके की लागत बढ़ाई। इससे निर्माण कार्य की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लग गया है और जनता का विश्वास डगमगा रहा है। विकास कार्यों को लेकर पार्षदों ने निगम के व्यवहार पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि वार्ड 9 और 19 में मार्च 2024 में लगभग 6 लाख रुपये से पैच मरम्मत की गई।

